राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 रोहित ने लगाया करियर का...

कैंसर की वैक्सीन बनाने के ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 274 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 20°C

न्यूनतम तापमान 16°C

**बाजार**

सोना 63,405

चांदी 74,800

सेंसेक्स 72,050

निफ्टी 21,910

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ने हरदीप पुरी को जन्मदिन की बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (गुरुवार) केंद्रीयमंत्री हरदीप पुरी को जन्मदिन की बधाई देते हुए दीघार्यु होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल में केंद्रीयमंत्री पुरी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में उनका काम सराहनीय है। वह भारत को पेट्रोलियम क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी सबसे आगे हैं। वह लंबा और स्वस्थ जीवन जिएं।

### नामांकन के पूर्व उमेशनाथ महाराज ने की यादव से मुलाकात

भोपाल। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत राज्यसभा प्रत्याशी उमेशनाथ महाराज ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से उमेशनाथ महाराज ने मुख्यमंत्री निवास पर भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमेशनाथ महाराज का शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

### सोनभद्रः तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस पलटी, 25 घायल

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मारकुंडी घाटी में तीर्थयात्रियों को लेकर रामेश्वरम जा रही डबल डेकर बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 25 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार बस्ती जिले से एक डबल डेकर बस पर 65 तीर्थ यात्री सवार होकर रामेश्वरम दर्शन करने के लिए जा रहे थे। वह लोग बुधवार देरा रात जब मारकुंडी घाटी की दूसरे मोड़ पर पहुंचे तभी बस एकाएक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सड़क से गुजर रहे कुछ लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रॉबर्ट्सगंज कोतवाली व गुरमा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से 40 वर्षीय चतुर्भुज, 55 वर्षीय निर्मला, 60 वर्षीय श्रीकांति, 32 वर्षीय भीम उपाध्याय, 62 वर्षीय पुजारी शर्मा, 61 वर्षीय सुभाष राय 60वर्षीय सावित्री बोईन, 65 वर्षीय रामसकल, 65 वर्षीय शंभू, 56 वर्षीय दयाराम 65 वर्षीय कृष्णा, 65 वर्षीय सूर्यनारायण, 50 वर्षीय प्रमिला, शीला, 63 वर्षीय विजय, 65 वर्षीय रामचंद्र, 65 वर्षीय रविंद्र नाथ, कमलावती, 19 वर्षीय विवेक, 65 वर्षीय कपिल मुनि, 60 वर्षीय जनक, 55 वर्षीय गिरिजेश, 62 वर्षीय मांडवी, 55 वर्षीय नेबुलाल व 48 वर्षीय सरोज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# चुनावी बांड योजना रद्द, उच्चतम न्यायालय का फैसला

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने देश में राजनीतिक दलों के चंदे लिए 2018 बनाई गई चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए गुरुवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ सर्वसम्मति से ये ऐतिहासिक फैसला दिया। अपने फैसले में पीठ ने चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बांड जारी करना बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही, उसने राजनीतिक दलों को भी उन बांडों को वापस करने का निर्देश दिया, जो वैधता के 15 दिनों के भीतर के हैं और भुनाए नहीं गए हैं। संविधान पीठ ने एसबीआई को चुनावी बांड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों और बांड से संबंधित सभी विवरण तीन सप्ताह के भीतर (यानी 06 मार्च तक) चुनाव आयोग को सुपुर्द करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इसके अलावा चुनाव आयोग को भी निर्देश दिया कि वह एसबीआई से बांड से संबंधित प्राप्त उन विवरणों को एक सप्ताह के भीतर (यानी 13 मार्च तक) अपनी वेबसाइट के जरिए सार्वजनिक कर दे। संविधान पीठ ने अपने फैसले में योजना के साथ-साथ इससे संबंधित आयकर अधिनियम और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में किए गए संशोधनों को भी रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनावी बांड योजना अपनी गुमनाम प्रकृति के कारण सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। इस प्रकार से यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा, ₹चुनावी बांड योजना, आयकर अधिनियम की धारा 139 द्वारा संशोधित धारा 29(1)(सी) और वित्त अधिनियम 2017 द्वारा संशोधित धारा 13(बी) के प्रावधान, अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह योजना सूचना के अधिकार के मुकाबले सूचनात्मक गोपनीयता के अधिकार को प्रधानता देती है।

संविधान पीठ ने कहा, ₹व्यक्तियों के योगदान की तुलना में किसी कंपनी का राजनीतिक प्रक्रिया पर अधिक गंभीर प्रभाव होता है। कंपनियों द्वारा योगदान पूरी तरह से व्यावसायिक लेनदेन है। कंपनी अधिनियम की धारा 182 में संशोधन स्पष्ट रूप से कंपनियों और व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार करने के लिए मनमाना है। पीठ ने कहा कि चुनावी बांड योजना घाटे में चल रही कंपनियों को बदले में योगदान देने की अनुमति देने के नुकसान को पहचानने में सक्षम नहीं है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को वित्तीय सहायता से पारस्परिक लाभ की व्यवस्था हो सकती है और चुनावी बांड योजना काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका नहीं हो सकता है। शीर्ष अदालत ने तीन दिनों की सुनवाई के बाद दो नवंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, सीपीआई (एम), कांग्रेस नेता जया ठाकुर और अन्य की ओर से दायर कई थीं। याचिकाकताओं ने सुनवाई के दौरान दलील दी थी कि इस योजना ने किसी भी कंपनी को गुमनाम रूप से सत्ता में बैठी पार्टियों को रिश्वत देने की अनुमति देकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ ही इसे वैध बना दिया।

उन्होंने पीठ के समक्ष कहा था कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि लगभग सभी चुनावी बांड केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ दलों के पास गए हैं। खरीदे गए 94 फीसदी चुनावी बांड एक करोड़ रुपये के मूल्यवर्ग में और बाकी 10 लाख रुपये के हैं। चुनावी बांड योजना दो जनवरी 2018 को अधिसूचित की गई थी। इस योजना माध्यम से भारत में कंपनियां और व्यक्ति भारतीय स्टेट बैंक की अधिसूचित शाखाओं से बांड खरीदकर गुमनाम रूप से राजनीतिक दलों को चंदा देने का प्रावधान किया गया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि योजना सभी योगदानकताओं के साथ समान व्यवहार करती है। इसकी गोपनीयता महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि काले धन से हटकर एक विनियमित योजना की ओर बढ़ने से जनहित में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा था कि इस योजना में केवाईसी का भी फायदा है। पार्टियों को सभी योगदान चुनावी बांड के माध्यम से लेखांकन लेनदेन के रूप में और सामान्य बैंकिंग चैनलों के भीतर होते हैं।

# चुनावी बांड पर कोर्ट के फैसले से मोदी का भ्रष्टाचार हुआ बेनकाब : कांग्रेस

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने चुनावी बांड को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले स्वागत करते हुए गुरुवार को कहा कि यह भ्रष्टाचार का मामला है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे सीधे जुड़े हैं और न्यायालय के फैसले से उनका भ्रष्टाचार बेनकाब हुआ है। कांग्रेस मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज माननीय सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इलेक्टोरल बॉन्ड पर एक महत्वपूर्ण फैसला आया है और कांग्रेस न्यायालय के मोदी सरकार की 'चुनावी बॉन्ड योजना' को रद्द करने के सर्वसम्मत फैसले का स्वागत करती है। उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्री और उनका भ्रष्टाचार बेनकाब हो गया है। प्रधानमंत्री ने मनी बिल लाकर इसे कानूनी जामा पहनाया था ताकि विधायक खरीदे जा सकें, अपने मित्रों को कोयले की खदान, हवाई अड्डे दिए जा सकें। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम भ्रष्टाचार का मामला है जिसमें सीधे-सीधे प्रधानमंत्री शामिल हैं। देश पर चुनावी बॉन्ड को थोपा गया, जबकि चुनाव आयोग, वित्त मंत्रालय और कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने इसका विरोध किया था। श्री खेड़ा ने कहा, ₹आज यह बात साफ हो गई-मोदी सरकार सिर्फ कमीशन, रिश्वतखोरी और काला धन छिपाने के लिए ही चुनावी बॉन्ड' लेकर आई थी। ये बॉन्ड श्री मोदी की 'भ्रष्टाचार बढ़ाओ नीति' की वो साजिश है जो आज पूरे देश के सामने बेनकाब हो चुकी है। श्री मोदी की ऐसी भ्रष्टाचारी नीतियां लोकतंत्र के लिए बेहद घातक और देश के लिए खतरा हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम भ्रष्टाचार का मामला है, जिसमें सीधे-सीधे प्रधानमंत्री शामिल हैं ‖ उन्होंने कहा, ₹साल 2017 में जब इलेक्टोरल बॉन्ड लाया गया था तब से हमने इसका पुरजोर विरोध किया था। हमारी इसको लेकर ये आपत्तियां थीं कि यह प्रक्रिया अपारदर्शी है, इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा, काला धन सफेद हो जाएगा, सारा लाभ सत्ता पक्ष को मिलेगा और इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और सत्ता पक्ष के बीच एक अनकहा- अनदेखा रिश्ता स्थापित हो जाएगा।

## चुनावी बॉन्ड पर कोर्ट का निर्णय लोकतंत्र के लिए वरदान : पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक मानते हुए इस योजना को रद्द कर दिया है। इस निर्णय के उपरांत भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय से हमें मिला यह सबसे ऐतिहासिक निर्णय है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय लोकतंत्र के लिए एक बड़ा वरदान है। हम सभी पिछले कई वर्षों से इसके बारे में चिंतित थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र से प्यार करने वाले इसका विरोध कर रहे थे। मैंने खुद कई लेख लिखे और कई बार बात की। हमने जो भी मुद्दा उठाया था, फैसले में उसका निपटारा किया गया है। चुनावी बॉन्ड के मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट ले जाने वाली याचिकाकर्ता डॉ. जया ठाकुर का कहना है कि सूचना का अधिकार अधिनियम हमें दान के पैसे के बारे में पूछने का अधिकार देता है। यदि इसका खुलासा नहीं किया जाता है तो यह निश्चित रूप से उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह है फैसला हमारे लिए बड़ी जीत है। चुनावी बॉन्ड रद्द करने की हमारी मांग आज पूरी हो गई है।

# इसरो ने की स्कूली बच्चों के लिए युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम-2024 की घोषणा

प्रात : किरण/एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि स्कूली बच्चों के लिए उसके 2024 के 'युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम' की पंजीकरण प्रक्रिया 20 फरवरी से शुरू होगी। इसरो के इस कार्यक्रम को युवा विज्ञान कार्यक्रम (युविका) कहा जाता है जिसका उद्देश्य युवा छात्रों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों में बुनियादी ज्ञान और उभरते अवसर प्रदान करना है। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, युवा विज्ञान कार्यक्रम (युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम) 2024 की घोषणा कर दी गई है। इसके लिए (केवल एक जनवरी, 2024 तक के) नौवीं कक्षा के भारतीय विधार्थी आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण 20 फरवरी, 2024 से शुरू होगा। दो सप्ताह के इस आवासीय कार्यक्रम के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मार्च है। इसमें कहा गया है कि इसरो ने युवा छात्रों को आकर्षित करने के लिए इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। कार्यक्रम से छात्रों के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रिकी और गणित (एसटीईएम) आधारित अनुसंधान और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित होने की भी उम्मीद है।

## गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा : योगी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार के रहते कोई भी गरीबों को उजाड़ नहीं पाएगा और यदि किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी साथ ही जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे।

## स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी : सोनिया

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली की जनता के नाम एक भावुक पत्र लिखकर कहा है कि वह स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने रायबरेली की जनता का आभार जताया और कहा कि वह भले ही सीधे तौर पर उनका प्रतिनिधित्व न करें, लेकिन उनका मन-प्राण सदा वहां की जनता के साथ रहेगा। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने यह उम्मीद भी जताई की रायबरेली के लोग हर मुश्किल में उन्हें और उनके परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आए हैं। सोनिया गांधी ने बुधवार को राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से नामांकन दाखिल किया। पहली बार वह उच्च सदन में जा रही हैं। वह 1999 से लोकसभा की सदस्य हैं और 2004 से रायबरेली का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रही हैं। पत्र में उन्होंने कहा, "मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर, आप लोगों से मिलकर पूरा होता है। यह नेह-नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे शगुन की तरह मिला है।" सोनिया गांधी ने कहा, "रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़े बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आप लोगों ने मेरे ससुर फिरोज गांधी को जिताकर दिल्ली भेजा था। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी जी को आपने अपना बना लिया।

**यात्रा** | सीएम ममता बनर्जी 21 फरवरी यानी अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पंजाब का दौरा कर सकती हैं

# ममता व केजरीवाल बना सकते हैं अपना अलग गुट !

प्रात : किरण/एजेंसी



कोलकाता। भाजपा को टक्कर देने के लिए खड़ा हुआ महागठबंधन अब अंतिम सांसे गिनता दिख रहा है। सबकी अपनी अपनी राय है और अपनी मर्जी से खुद ही निर्णय ले रहे हैं, कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। इसी बीच खबरें आ रहीं है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपना अलग गुट बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 21 फरवरी यानी अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पंजाब का दौरा कर सकती हैं। यह भी पता चला है कि इस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि, वह पंजाब का दौरा क्यों कर रही हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री 21 फरवरी को पंजाब का दौरा करेंगी। उन्हें वहां स्वर्ण मंदिर जाना है। वह पंजाब में आप नेताओं के साथ बैठक कर सकती हैं। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका बदल गई है। आप और तृणमूल ने कुछ बिंदुओं पर नीतिगत गठबंधन कर लिया है। एक तरफ जहां तृणमूल ने पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, वहीं आप ने पंजाब में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कही है। कांग्रेस पहले ही बार-बार अपने सुर नरम कर चुकी है। उधर, ममता बनर्जी ने बार-बार क्षेत्रीय दलों से लोकसभा चुनाव लड़ने का आह्वान किया है। राष्ट्रीय राजनीति में ममता बनर्जी की अहमियत एक बार फिर बढ़ गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### बुजुर्गों ने किया कर निर्धारण का विरोध, ईओ को दिया ज्ञापन

**रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी।** चिलियानौला नगरपालिका में कर निर्धारण का विरोध करते हुए बुजुर्गों ने ईओ प्रवीण सक्सेना को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि पालिका गठन के 10 साल तक कर में छूट देने की घोषणा की थी। अब सरकार इससे मुकर रही है और पालिका ने कर निर्धारण की प्रक्रिया शुरू की है। हिमालयन वृद्धजन उत्थान समिति ने कर निर्धारण प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए ईओ को ज्ञापन दिया। समिति के अध्यक्ष चंदन रावत ने कहा कि वर्ष 2018 में पालिका गठन के समय सरकार ने अगले 10 साल के लिए कर में छूट देने की घोषणा की थी। सिर्फ पांच साल बाद भी कर निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हुई है। कहा कि पालिका में अभी कई कार्य अधूरे हैं। क्षेत्र के लोगों को सुविधा नहीं मिल रही है। ऐसे में उनसे कर वसूलना गलत है। चेतावनी दी कि कर निर्धारण की प्रक्रिया को रोका नहीं गया तो आंदोलन होगा। इस मौके पर त्रिलोचन भट्ट, शंकर दत्त पांडे, नंदराम आर्या, रमेश चंद्र आर्या सहित कई बुजुर्ग मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल चुनाव : 16 ने कराया नामांकन

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के चुनाव के लिए 16 दावेदारों ने अपने नामांकन पत्र जमा किए। अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवारों ने ताल ठोकी है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया हुई। संगठन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनिल गुरूरानी, संजय साह रिक्खू, हिमांशु कांडपाल, मो. नौसाद, दीपेश चंद्र जोशी ने नामांकन किया है। वहीं प्रमोद कुमार, दीपक जोशी, आनंद सिंह भोज ने उपाध्यक्ष, मनु गुप्ता और चंद्रा रावत ने महिला उपाध्यक्ष, दीप चंद्र जोशी, रोहित साह ने महासचिव, रोहित लाल, हिमांशु बिष्ट ने कोषाध्यक्ष, जय प्रकाश, अमन टकवाल ने उपसचिव पद के लिए नामांकन कराया है। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। यहां चुनाव संचालन समिति के दिनेश गोयल, दीप लाल साह, अनूप गुप्ता, हरेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, नवीन वर्मा आदि मौजूद रहे।

### समर्थ पोर्टल न खुलने से 100 से अधिक विद्यार्थी नहीं कर सके आवेदन

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय से संबद्ध परिसर और महाविद्यालयों के 100 से अधिक विद्यार्थी समर्थ पोर्टल न खुलने के कारण परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर सके हैं। इसी बीच परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इधर पोर्टल पर परीक्षा फार्म नहीं भर पाने के कारण परीक्षा देने से वंचित ये विद्यार्थी काफी परेशान हैं। एसएसजे परिसर से संबद्ध अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत परिसर के साथ ही 36 महाविद्यालय में 2649 विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय में अपना पंजीकरण कराया था। 2511 विद्यार्थी ही समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा के लिए आवेदन कर सके। पोर्टल बंद होने की वजह से 138 विद्यार्थी परीक्षा फार्म नहीं भर सके।

### बेहड़ ने 27 लाख से निर्मित छह विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**किच्छा, एजेंसी।** विधायक तिलक राज बेहड़ ने 26 लाख की विधायक निधि से बने छह विकास कार्यों का लोकार्पण किया। बताया कि ग्राम नजीमाबाद में मच्छली झाले में जनमिलन केंद्र में टिनशेड पांच लाख, ग्राम कलकत्ता फार्म गुरुद्वारे में चहारदीवारी 5.51 लाख, बखपुर में मंदिर का सौंदर्यीकरण 4.86 लाख, बखपुर में मस्जिद के पास सीसी सड़क 2.33 लाख, सिरौलीकलां में सीसी सड़क का 3.84 लाख की लागत से निर्माण कराया गया। इसके अलावा मौलाना अब्दुल कलाम आजाद स्कूल में टिनशेड बनाया गया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत कर विकास कार्यों के लिए आभार जताया। वहां कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, मेजर सिंह शामिल रहे।

# चमोली में मुख्यमंत्री ने किया जोरदार रोड शो, नंदा-गौरा महोत्सव में पहुंचे

**चमोली (गोपेश्वर) , एजेंसी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज बृहस्पतिवार को गौचर में आयोजित नंदा गौरा महोत्सव में प्रतिभाग करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री यहां जोरदार रोड शो किया। साथ ही यहां विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री दोपहर हेलिकॉप्टर से गौचर पहुंचे। इसके बाद कार से बीआरओ गेस्ट हाउस में पहुंचे। यहां से मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल तक रोड शो किया। सीएम धामी नंदा-गौरा महोत्सव, बेटी ब्वारी आवा उत्तराखंड तैं अगनि बढ़ावा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे हैं। अपराह्न दो बजकर 20 मिनट पर मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से देहरादून के लिए रवाना होंगे।

बता दें, कुछ पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में भी मातृशक्ति महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले शहर में रोड शो निकाला। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रोड शो में शामिल हुए और ढोल-नगाड़ों की थाप पर



जमकर झूमे।

विभिन्न स्कूलों की छात्राओं के अलावा महिलाओं ने सीएम धामी का स्वागत किया। विभिन्न तरह के ढोल-नगाड़ों की टीमों ने रोड शो के दौरान धूम मचा दी। वहीं, जनसभा में भी इतनी भीड़ उमड़ी थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं मिली। मुख्यमंत्री के रोड शो में आगे-आगे ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता झूमते हुए चले। दोनों तरफ मानव श्रृंखला बनाकर छात्राओं और बड़ी संख्या में महिलाओं ने सीएम धामी का अभिनंदन किया।

## बीएचईएल करेगा यमुनानगर के पावर प्लांट परियोजना का काम

**हरिद्वार, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बोली में जीत दर्ज करते हुए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने यमुनानगर हरियाणा के 800 मेगावाट पावर प्रोजेक्ट का ऑर्डर हासिल किया। राज्य के पहले अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट को स्थापित करने का काम बीएचईएल हरिद्वार करेगा। इसके लिए हरियाणा पावर जेनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड से अनुबंध भी किया गया।

बता दें कि 800 मेगावाट दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट हरियाणा की पहली अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी-आधारित बिजली परियोजना होगी। इसके चालू होने पर संयंत्र, राज्य में मौजूदा सब क्रिटिकल इकाइयों की तुलना में अधिक कुशल पैरामीटर से काम करेंगे। कम कोयले की खपत में अधिक विद्युत उत्पादन होगा। प्रस्तावित 800 मेगावाट इकाई मौजूदा 2×300 मेगावाट इकाइयों के निकट यमुनानगर में स्थापित की जाएगी। बीएचईएल ने हरियाणा में अभी तक 3,000 मेगावाट से अधिक की केंद्रीय और राज्य थर्मल यूटिलिटी परियोजनाओं को सफलता पूर्वक संचालित किया है। 1974 से राज्य के बिजली विकास कार्यक्रम से भी बीएचईएल ही जुड़ा हुआ है। अब इस नई परियोजना में विद्युत और नियंत्रण उपकरण कार्यों के साथ-साथ स्टीम जनरेटर, टरबाइन और संबंधित सहायक उपकरणों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य भी बीएचईएल ही करेगा। यमुनानगर के पावर प्लांट में नवीनतम तकनीक पर आधारित अत्याधुनिक उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण भी लगाए जाएंगे।

परियोजना के लिए मुख्य उपकरणों की आपूर्ति के अलावा अपनी विभिन्न इकाइयों के माध्यम से बीएचईएल ने अपनी विश्वसनीयता को कायम रखा है। एक आंकड़े के मुताबिक यदि देखें तो देश में देश में स्थापित 1,34,000 से अधिक मेगावाट के थर्मल पावर प्लांटों के अपने विशाल पोर्टफोलियो के साथ, बीएचईएल, थर्मल यूटिलिटी परियोजनाओं में मार्किट लीडर है। साथ ही अपनी दक्षता और विश्वसनीयता को उन्नत करने के लिए पुराने सेटों के नवीनीकरण आदि क्षेत्र में भी यह अग्रणी भूमिका में हैं।

## राजनीतिक गलियारों तक पहुंची हल्द्वानी हिंसा की जांच की आंच, अब नेताओं की तलाश में जुटी पुलिस

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बनभूलपुरा कांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए तथ्य सामने आ रहे हैं। उपद्रवियों को जेल भेजा जा रहा है। धरपकड़ जारी है। हल्द्वानी से बरेली और दिल्ली से हरियाणा तक मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक समेत नौ नामजद आरोपितों की तलाश है। इस घटना की जांच की आंच अब राजनीतिक गलियारों तक पहुंच चुकी है।

पुलिस ने बनभूलपुरा में रहने वाले सफेदपोश नेताओं की भूमिका को लेकर भी तफ्तीश शुरू कर दी है। आठ फरवरी को मलिक के बगीचे में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम, पुलिस व प्रशासन की टीम पर उपद्रवियों ने पथराव किया था। वाहनों को आग लगाकर फूंक दिया था। बनभूलपुरा थाने को पेट्रोल बम से फूंका। वैध व अवैध असलहों से फायरिंग की। गोली लगने से अब तक छह की मौत हो चुकी है।

दावा है कि यह हिंसा सुनियोजित था। जिस तरीके से पत्थर बरसे। इससे साफ है कि पहले से छतों पर पत्थर व ईंट रखे थे। इतनी बड़ी प्लानिंग के पीछे एक व्यक्ति का हाथ नहीं हो सकता है। न ही यह घटना क्षणिक आवेश की है। बनभूलपुरा के अलावा बाहरी मुस्लिम समुदाय के नेताओं की भूमिका भी संदिग्ध है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों के मुस्लिम नेता बनभूलपुरा मामले में अभी भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। पुलिस ऐसे नेताओं के विरुद्ध भी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इंटरनेट मीडिया सेल निगरानी कर रहा है। मुस्लिम समुदाय के कई नेताओं की पुलिस और प्रशासन में अच्छी पकड़ है। ये अक्सर अधिकारियों को अपना बताते थे और छोटे-छोटे मामले होने पर सीधे अधिकारियों को फोन घुमा देते थे। जिस दिन बनभूलपुरा कांड हुआ उस दिन इन नेताओं के या तो मोबाइल बंद थे या फिर इन्होंने फोन नहीं उठाए। न ही इन्होंने पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क किया। अगर ये चाहते तो अपने लोगों को समझा सकते थे। इन नेताओं पर सूचनाएं लीक करने का भी आरोप है। जैसे अतिक्रमण की कार्रवाई से पहले सूचना प्रसारित कर देना आदि।

## बनभूलपुरा में 7 दिन बाद कर्फ्यू में कुछ घंटों की दी गई ढील



**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड में हल्द्वानी प्रशासन ने सात दिन बाद, बृहस्पतिवार को बनभूलपुरा शहर में कर्फ्यू में कुछ घंटों के लिए ढील देने की घोषणा की है। बनभूलपुरा में एक ''अवैध मदरसे को ध्वस्त करने को लेकर हुई हिंसा के बाद कर्फ्यू लगाया गया था।

नैनीताल की जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, गौजाजाली, रेलवे बाजार और एफसीआई गोदाम इलाके में कर्फ्यू में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक ढील दी जाएगी। बनभूलपुरा के बाकी के इलाकों में सुबह नौ बजे से सुबह 11 बजे तक दो घंटे के लिए रियायत दी जाएगी। बनभूलपुरा में अवैध रूप से बनाए गए एक मदरसे को ढहाने के बाद आठ फरवरी को इलाके में हिंसा भड़क गई थी।

स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के कर्मियों और पुलिस पर पथराव किया था और पेट्रोल बम फेंके थे, जिसके कारण कई पुलिसकर्मियों को एक थाने में शरण लेनी पड़ी थी, जिसे भीड़ ने बाद में आग के हवाले कर दिया था। पुलिस के अनुसार, इस हिंसा में छह लोगों की मौत हो गई थी और पुलिस एवं पत्रकारों सहित 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। हिंसा भड़कने के बाद बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगाया गया था।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा, दो बच्चों का पिता है दोषी

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी में दो बच्चों के बाप ने शादी की बात छिपाकर नाबालिग से तीन साल तक दुष्कर्म किया। खुलासा हुआ तो पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया। आरोपी को 20 साल की सजा 41 हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

दो बच्चों के बाप ने शादी की बात छिपाकर नाबालिग से तीन साल तक दुष्कर्म किया। खुलासा हुआ तो पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया। बुधवार को स्पेशल जज पॉक्सो नंदन सिह ने दुष्कर्मी को 20 साल की सजा 41 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। दुष्कर्मी की मां को अदालत ने बरी कर दिया है। पीड़िता की ओर से मामले की



पैरवी कर रहे एडीजीसी फौजदारी नवीन चंद्र जोशी ने बताया, 2015 में पीड़िता 11वीं की छात्रा थी। वर्ष 2015 में स्कूल के वार्षिकोत्सव में पीड़िता अपने दोस्त के जरिए कालाढूंगी क्षेत्र निवासी अरुण गड़िया से मिली। वह शादीशुदा और दो बच्चों का पिता था लेकिन यह बात उसने पीड़िता से छिपाई और प्यार में फंसा लिया।

## कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी दंगा की शुरू की जांच, 15 दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बुधवार से हल्द्वानी में हुए दंगे की जांच शुरू कर दी। उन्होंने पीड़ित पक्षों और लोगों से इस प्रकरण से संबंधित साक्ष्य उपलब्ध करवाने को कहा है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की ओर से कुमाऊं परिक्षेत्र के आयुक्त रावत को इस मामले की जांच सौंपी गई है। उन्हें 15 दिन में जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने को कहा गया है। रावत ने बुधवार से जांच प्रारंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को बनभूलपुरा दंगा के मामले में कोई तथ्य, साक्ष्य या बयान दर्ज करवाने हो तो वह एक सप्ताह के अंदर उनके हल्द्वानी स्थित कैंप कार्यालय में उनके समक्ष साक्ष्य या बयान दर्ज करवा सकता है।

यहां बता दें कि हल्द्वानी के कथित मलिक के बगीचे से विगत 8 फरवरी को नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान एक समुदाय के लोगों ने नगर निगम और पुलिस-प्रशासन की टीम पर हमला कर दिया था। साथ ही आगजनी के साथ ही गोलीबारी भी कर दी थी। यही नहीं दंगाइयों ने बनभूलपुरा थाना को भी आग के हवाले कर दिया था और वहां से हथियार और कारतूस लूटकर ले गए थे।



गौरतलब है कि इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई थी और बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी, अधिकारी और मीडियाकर्मियों के साथ ही निर्दोष लोग घायल हो गए थे। दंगाइयों ने कई दर्जन गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया था।

## जिस मदरसे के कारण हुई हिंसा, उसकी पंजीकरण तक नहीं; अब सरकारी मशीनरी कस रहा शिकंजा

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी में आठ फरवरी को जिस मदरसे को ढहाने के दौरान बवाल हुआ था वह अवैध निकला है और बैगर पंजीकरण के चल रहा था। बिना मान्यता लंबे समय से मदरसे के संचालित होने पर सिस्टम पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा स्थित जिस मदरसे (शैक्षणिक संस्थान) को ढहाने के दौरान बवाल हुआ था वह अवैध निकला है और बैगर पंजीकरण के चल रहा था। बिना मान्यता लंबे समय से मदरसे के संचालित होने पर सिस्टम पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

दरअसल मदरसे में दीनी तालीम पढ़ाई जाती है जिससे लोगों को इस्लाम के बारे में जानकारी हो सके लेकिन बनभूलपुरा स्थित मलिक के बगीचे में मदरसा गैर कानूनी रूप से चल रहा था। शिक्षा विभाग अब



यह जानकारी जुटाने में लगा कि यहां बच्चे और अध्यापकों की संख्या कितनी है। क्या वह शैक्षणिक पात्रता को पूरा करते थे। वहीं, क्षेत्र के जानकार लोग बताते हैं कि मदरसे में करीब 70 बच्चे अध्ययनरते थे, इन्हें पढ़ाने के लिए तीन टीचर रखे गए थे।

## सफाई कर्मचारियों ने लिया बड़ा निर्णय, बोले- हम नहीं जाएंगे बनभूलपुरा, मांगी सुरक्षा की गारंटी

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी हिंसा से लोग डरे हुए है। वहीं, बनभूलपुरा कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र कूड़े से पटा हुआ है पर सफाईकर्मियों ने जान का खतरा बताते हुए वहां सफाई करने से मना कर दिया है। बनभूलपुरा कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र कूड़े से पटा हुआ है पर सफाईकर्मियों ने जान का खतरा बताते हुए वहां सफाई करने से मना कर दिया है। बुधवार को नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक बेनतीजा रही। आज दोबारा इस संबंध में बैठक होगी। बृहस्पतिवार को सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने सफाईकर्मियों से बनभूलपुरा क्षेत्र में जाने का कहा तो वे विरोध में उतर आए। उनके समर्थन में दोनों संगठन के पदाधिकारी भी पहुंच गए। सफाई कर्मियों ने वहां काम करने से इनकार कर दिया। देर शाम नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई।

दोनों सफाई संगठनों ने कहा कि जब तक उन्हें सुरक्षा की गारंटी नहीं मिल जाती तब तक वह सफाई नहीं करेंगे। कहा कि सफाई करने के दौरान उनके साथ अप्रिय घटना के लिए नगर निगम जिम्मेदार रहेगा। इस बीच वार्ता बेनतीजा रही। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि बृहस्पतिवार को दोबारा वार्ता की जाएगी। वार्ता के बाद हल निकालकर सफाई कराई जाएगी। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल आदि रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### गम्हरिया में कुश्ती दंगल का आयोजन

सौरबाजार/सहरसा- प्रखंड क्षेत्र के रेलवे स्टेशन नियर गम्हरिया में सरस्वती पूजा के अवसर पर कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन होना है। राज्य के नामचीन पहलवान कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। वही तीन दिनों तक देहाती नाच का कार्यक्रम भी होना है। इस गांव में सदियों से सरस्वती पूजा के अवसर पर मेला लगाने का परंपरा है। कुश्ती प्रतियोगिता और देहाती नाच कार्यक्रम 16 सें 18 फरवरी तक होना है। सरस्वती पूजा मेला समिति के सदस्यों ने बताया कि मेला और कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, दिल्ली,पंजाब, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, बिहार एवं स्थानीय पहलवानों के बीच एक से बढ़कर एक दांव पेंच दिखाया जाएगा। इस बार की मेले में कुछ हटकर मेले का आयोजन किया गया है। मेला समितियों के द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान वाले पहलवानों को प्रतियोगिता भागियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# आज संयुक्त किसान मोर्चा का देशव्यापी ग्रामीण आम हड़ताल पर होगी धरना प्रदर्शन सभा, पुतला दहन



- मोदी सरकार पूंजीपतियों के लिए बिछाती है महंगी कालीन, अन्नदाता किसान के लिए सड़कों पर ठोक रही है कील - किरण देव यादव
- ट्रेड यूनियन से जुड़े किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाएं संविदा कर्मी से आंदोलन में भाग लेने का किया अपील
- किसानों के अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने को लेकर संघर्ष जारी रहेगा - किसान मोर्चा

प्रात: किरण, संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष सह संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश नेता किरण देव यादव ने दिल्ली के शंभू बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन के साथ दमन करने, जनतांत्रिक अधिकार का हनन करने, सड़क पर बेरीकेटिंग करने, कील ठोकने, सड़क को अवरुद्ध करने तथा पटना में आंदोलनकारी शिक्षकों पर लाठी चार्ज करने, शिक्षकों का अधिकार पर कुठाराघात करने, शिक्षकों का मानसिक शारीरिक श्रम शोषण करने, भाकपा माले के विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को एनडीए का समर्थन नहीं करने पर बदले की भावना से साजिशन आजीवन कारावास की सजा दिलवाने, बिहार सरकार द्वारा जनता के साथ धोखा देने, दल बदल गठबंधन कर जनता को मूर्ख बनाने एवं विकास का कार्य ठप्प करने के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए घोर निंदा किया तथा मोदी एवं नीतीश की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए 16 फरवरी 2024 को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की नीतीश सरकार का पुतला दहन करने, देशव्यापी आम ग्रामीण हड़ताल करने तथा प्रतिरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा।

समाहरणालय के समक्ष धरना स्थल पर देश बचाओ अभियान की बैठक की अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया।

बैठक में अभियान के महासचिव उमेश ठाकुर, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, सचिव धर्मेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष कमल किशोर यादव, संयोजक मधुबाला, चंद्रशेखर मंडल, राम सुचित पासवान, पंकज कुमार, गौतम पासवान, तितली भारती, कालेश्वर ठाकुर, गणेश तांती आदि ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए अभियान के संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूंजी पतियों के लिए महंगी कालीन बिछाती है वही देश के अन्नदाता किसानों के आगे सड़क पर कील ठोककर सड़क को अवरूद्ध की जाती है। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिक्षक आशा ममता आंगनबाड़ी सेविका सहायिका रसोइया किसान मजदूर पर लाठी चार्ज करती है। जो घोर निंदनीय है।

## दो कारतूस के साथ तीन युवक हुआ गिरफ्तार

**'गस्ती के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर ली तलाशी**

प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखराम परमानंदपुर पंचायत के मिलन चौक समीप बुधवार को गस्ती के क्रम मे पुलिस ने तीन युवको को संदेह के आधार पर हिरासत मे लिया। जांच के दौरान युवक के पास से दो कारतूस बरामद हुआ है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि दिवागस्ती के दौरान संदेह के आधार पर बाइक सवार युवको को रोककर जांच परताल किया गया। जांच के दौरान मितरंजन कुमार के पास से दो कारतूस बरामद हुआ है। इस आधार पर पुलिस तीनो युवको को लेकर आयी। पकड़ाये युवक मे गंगापुर पंचायत के रमणी वार्ड 11 निवासी मुनचुन यादव के पुत्र सत्यम कुमार (19) को जेल भेजा गया है। वही अन्य दो युवक भी रमणी गांव के ही अमोल यादव का पुत्र राजा कुमार (16) और बेचन त्रृषिदेव का पुत्र मितरंजन कुमार (15) है। साथ ही बताया गया कि दो युवक नाबालिक होने की वजह से बाल सुधार गृह भेजा जायेगा।

## श्री चंडी उच्च विद्यालय बिराटपुर के प्रधानाध्यापक ने छात्र-छात्राओं से कि अवैध वसूली, नहीं भरा फॉर्म



प्रात: किरण, संवाददाता

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के विराटपुर स्थित श्री चंडी उच्च विद्यालय के प्रबंधन की लापरवाही से कई छात्र छात्राएं गूरूवार से प्रारम्भ हुए मैट्रिक की परिक्षा से वंचित रह गए है।आखिरी दिन तक अपने एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे पिड़ित छात्राओं ने अब जाकर सोनवर्षाराज के बीडीओं अरविंद कुमार से मिलकर विद्यालय प्रबंधन पर कानूनी कारवाई की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी अनूसार हरीपूर गांव निवासी श्याम ठाकुर की पुत्री आंचल कुमारी तथा विराटपूर के कपिल साह की पुत्री आरती कुमारी विराटपूर स्थित श्री चंडी उच्च विद्यालय की छात्रा है। उसने विद्यालय में बकायदा 5 सौ देकर अपना मैट्रिक में रजिस्ट्रेशन करवाया तथा परिक्षा फार्म भरने के लिए बकायदा 11 सौ से 15 सौ रुपए विद्यालय के एचएम सोहन कुमार सिंह को दिया था।लेकिन आखिरी दिन तक जब उन दोनों का प्रवेश पत्र नहीं आया तो दोनो विद्यालय के एचएम सोहन कुमार सिंह के पास पहूंच कर एडमिट के बाबत पूछा तो एचएम श्री सिंह ने कहा की गलती से पांच छह छात्र छात्राओं का फार्म नहीं भरा जा सका है।अब तुम सब अगले वर्ष परिक्षा देना। वही जब अभिभावकों द्वारा एचएम से अपने पैसे वापस मांगा गया तो उन्होने कहा तुम्हारा पैसा बोर्ड में जमा है जाकर बोर्ड से ले लो।उक्त बाबत पिड़ित छात्रा के पिता श्याम ठाकूर ने बताया की एचएम ने उनसे ये भी कहा की परिक्षा छूट गया तो छूट गया अब कहीं भी जाओ कोई फायदा नहीं होगा। एचएम के नकारात्मक जबाव के बाद निराश दोनों छात्राएं बीडीओं अरविंद कुमार से मिली तो उनके द्वारा एचएम के विरूद्ध कारवाई का आश्वासन ही मिल पाया।इस तरह एचएम की लापरवाही से कई छात्र छात्राओं का एक वर्ष तो बर्बाद हुआ ही साथ साथ निर्धारित राशि से ज्यादा देने के बावजूद वो रुपए भी डूब गया।उक्त बाबत विद्यालय के एचएम श्री सिंह को कई बार कॉल करने के बावजूद उन्हौने कॉल रिसिव नहीं किया।वहीं बीडीओ अरविंद कुमार ने कहा उक्त विद्यालय के एचएम के विरूद्ध लगातार शिकायतें मिल रही है सभी की जांच कर समूचित कारवाई की जाएगी।

## घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से सरस्वती मां की किया गया विसर्जन

प्रात: किरण, संवाददाता

घैलाढ़,मधेपुरा प्रखंड क्षेत्र में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा के दूसरे दिन गुरुवार को माता की प्रतिमा का विसर्जन पूरे धूमधाम के साथ भीड़ मुक्त वातावरण में किया गया। स्कूल-कालेज, शिक्षण संस्थानों के अलावा पूजा समितियों द्वारा पंडालों में स्थापित माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान दूसरे दिन पुजारियों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने पहले हवन पूजा-अर्चना कर मां को भोग लगाया। दोपहर बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद वितरण के बाद प्रतिमा विसर्जन का दौर शुरू हुआ । मौके पर कहीं श्रद्धालु गानों की धुन पर गाजे बाजे के साथ माता की प्रतिमा विसर्जन के लिए ले जाते नजर आए। जहां रात्रि में ठंड के मौसम में भी कार्यक्रम की प्रस्तुति ने लोगों को तालियों की गड़गड़ाहट एवं भीड़ ने गर्माहट उत्पन्न कर दी जिसके कारण लोग देर रात तक ठंड महसूस नहीं किया।


बिहार सरकार

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, उच्च न्यायालय, पटना का कार्यालय**

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–06 वर्ष 2023–24**

भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **22.02.2024** के अपराह्न **3.00** बजे तक मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। मुहरबंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरी एवं निर्धारित के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन **3.30** बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए कोटेशन का मूल्य, ओ–ग्रास के माध्यम से एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

कार्य की विवरणी:–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम/विशिष्टियां | मात्रा | ईकाई | उद्धृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | Name of Work: - Emergent Repairing of Water supply, sanitary installation and Sewerage system (Day to day work) of Staff/Officer's Residence at Block 1 to 8 (48 Nos. Qtrs.) and 24 Nos. Double storey old Flat at Adalatganj, Pat na | | | |
| (B) | Name of Work: - Emergent Repairing of Water supply, sanitary installation and Sewerage system (Day to day work) at Judicial officer's residential complex at 42 Harding Road, Patna | | | |
| (C) | Name of Work: - Emergent Repairing of Water supply, sanitary installation and Sewerage system (Day to day work) at Hon'ble Judges Resi No.3 and 4 Patel Path, 7 DP Rai Path and 2 Tailor Road, Patna | | | |
| (D) | Name of Work: - Emergent Repairing of Water supply, sanitary installation and Sewerage system (Day to day work) of A/III to A/VI of newly constructed flats at Adalatganj, Patna (88 Nos.Flats) | | | |
| (E) | Name of Work: - Emergent Repairing of Water supply, sanitary installation and Sewerage system (Day to day work) of Police Barrack near High Court gate no. 4, Patna | | | |

PR. No. 017404 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**भवन प्रमंडल उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05 वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय: दिनांक 23.02.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
(ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (केवल (ओ–ग्रास) के माध्यम से) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing east side of Block No. 17 at Adalatganj, Patna | 2,47,700.00 | 5000.00 | 500.00 | 02 माह |
| 2 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing south side of Block No. 14 at Adalatganj, Patna | 1,77,800.00 | 3600.00 | 500.00 | 02 माह |
| 3 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing south side of Block No. 1 at Adalatganj, Patna | 1,45,393.00 | 3000.00 | 500.00 | 02 माह |
| 4 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing south side of Block No. 8 at Adalatganj, Patna | 1,32,188.00 | 2700.00 | 500.00 | 02 माह |
| 5 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing east side of Block No. 16 at Adalatganj, Patna | 2,39,332.00 | 4800.00 | 500.00 | 02 माह |
| 6 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing east side of Block No. 1 at Adalatganj, Patna | 2,55,938.00 | 5200.00 | 750.00 | 02 माह |
| 7 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing south side of Block No. 16 at Adalatganj, Patna | 1,47,214.00 | 3000.00 | 500.00 | 02 माह |
| 8 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing west side of Block No. 8 at Adalatganj, Patna | 2,40,311.00 | 4900.00 | 500.00 | 02 माह |
| 9 | S/R to Internal Boundary wall with wire fencing east side of Block No. 8 at Adalatganj, Patna | 86,942.00 | 1900.00 | 500.00 | 02 माह |
| 10 | S/R to Flat No. 546/800 at LBS Nagar, Patna | 2,02,274.00 | 4100.00 | 500.00 | 02 माह |
| 11 | S/R to Flat No. 543/800 at LBS Nagar, Patna | 1,97,243.00 | 4000.00 | 500.00 | 02 माह |
| 12 | S/R garden footpath, pond, drain cover and campus development in residence no. 30 Harding Road, Patna (Change of occupancy) | 8,83,043.00 | 17700.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 13 | S/R to compound wall, out house, guard room and gavion in residence no. 30 Harding Road, Patna (Change of occupancy) | 9,94,719.00 | 19900.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 14 | S/R to Apporoach road in the campus of Residence no. 2 Taylor Road, Patna (Change of occupancy) | 14,92,660.00 | 29900.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 15 | S/R to marble flooring in main building of Residence no. 24 Harding Road, Patna (Change of occupancy) | 14,69,171.00 | 29400.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 16 | S/R to tiles work in residence no. 14M at Strand Road, Patna | 14,51,643.00 | 29100.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 17 | S/R to wardrobe in kitchen store, puja room and other place in main building of Residence no. 3 at Birchand Patel Path, Patna (Change of occupancy) | 12,36,928.00 | 24800.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 18 | S/R to staff room, shed, cow shed and guard room in the campus of residence no. 13M at Strand Road, Patna | 13,13,265.00 | 26300.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 19 | S/R to Residence no. 19/6 at Bailey Road, Patna (Campus Development work etc.) | 8,21,963.00 | 16500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 20 | S/R to Residence no. 19/6 at Bailey Road, Patna (Cow shed, APP work of staff room, H.Shed etc) | 6,98,396.00 | 14000.00 | 1250.00 | 02 माह |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 017425 ( BCD ) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



बिहार सरकार

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 110 वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना।
(ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।
(ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Hume Pipe Drain in Gate No.- 3 to New Multi Storage Car Parking in Mall Road, Patna for the year 2023-24. | 2.81 | 5,700=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 2. | Renovation of Resetting of Paver Block at Gate No. - 01 to Five Water Post in Mall Road, Old Sectt., Patna for the year 2023-24. | 13.94 | 27,700=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 3. | Renovation of Kerb Stone and Gabion in Gate No.- 01 to Police Barrack in Old Sectt., Patna for the year 2023-24. | 14.35 | 28,700=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 4. | Repairing of Drain and P.H.E. Works in Campus of Old Secretariat, Patna for 2023-24. | 3.60 | 7,200=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 5. | E/R to Gate No.- 01 to Driver Rest Room Paver Block in Mall Road Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 6.85 | 13,700=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 6. | E/R to Paver Block Gate No.- 2 Check Post to Magzine House Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 23-24. | 6.05 | 12,100=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 7. | E/R to Campus Development for Gardening in New Parking Ramp to P.H.E.D. Pump House in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | 4.08 | 8,200=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 8. | E/R to Campus Development for Gardening in New Parking Ramp to P.H.E.D. Pump House in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- I) | 3.95 | 7,900=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 9. | E/R to Campus Development for Gardening in New Parking Ramp to P.H.E.D. Pump House in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- III) | 2.58 | 5,200=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 10. | E/R to Paver Block Gate No.- 1 Driver Rest Room to New Parking Ramp in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | 9.45 | 18,900=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 11. | E/R to Paver Block Gate No.- 1 Driver Rest Room to New Parking Ramp in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- I) | 4.43 | 8,900=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 12. | E/R to Paver Block Gate No.- 2 to Fire Office in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 4.67 | 9,400=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 13. | E/R to Campus Development for Gardening in Gate No.- 1 Driver Rest Shed to New Parking Ramp in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 9.14 | 18,300=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 14. | E/R to Paver Block Gate No.- 3 Check Post to D.S.P. Qtr. Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 23-24. | 6.80 | 13,600=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 15. | E/R to Paver Block D.S.P. Qtr. to Magzine House in Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 4.41 | 8,900=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 16. | E/R to Paver Block in Garden to Transformer in front of Police Barrack in Mall Road in Irrigation Section, Patna for year 23-24. | 7.92 | 15,900=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 17. | Remaining Work of Boundary Wall of Near Sachivalay Section Office Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 14.85 | 29,700=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 18. | E/R to Paver Block in Back Side of Police Barrack Near New Bathroom in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 4.15 | 8,300=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 19. | The Housekeeping or Daily Cleaning Work in Mall Road Gate No.- 03 to 16 in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 11.09 | 22,200=00 | 2,500=00 | 01 साल |
| 20. | E/R to Drain in Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 4.81 | 9,700=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 21. | E/R to Flower Bed Gate No.- 3 to Gate No.- 2 Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- I) | 2.56 | 5,200=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 22. | E/R to Flower Bed Gate No.- 1 to Ramp in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | 1.59 | 3,200=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 23. | E/R to Flower Bed Adhiveshan Bhawan Gate No.- 2 to Ramp inMall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- III) | 1.70 | 3,400=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 24. | E/R to Gate No.- 2 to D.S.P. Qtr. Tree Protection in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- III) | 4.63 | 9,300=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 25. | E/R to Gate No.- 1 to New Parking Ramp Tree Protection in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | 4.63 | 9,300=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 26. | E/R to Gate No.- 3 to D.S.P. Qtr. Tree Protection in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- I) | 4.63 | 9,300=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 27. | E/R to Tree Protection Gate No.- 3 to New Parking Ramp in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- IV) | 5.53 | 11,100=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 28. | E/R to Paver Block Work Bathroom to Badminton Field Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- I) | 5.73 | 11,500=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 29. | E/R to Paver Block Work Bathroom to Badminton Filed Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | 3.41 | 6,900=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 30. | E/R to Paver Block Work Electric Transformer to Bathroom in Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- III) | 1.63 | 3,300=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 31. | E/R to New Parking Plinth Protection and Rain Water Pipe in Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 23-24. | 3.71 | 7,500=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 32. | E/R to Badminton Court in Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 2.97 | 6,000=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 33. | A/R to Paver Block Along Road Gate No.- 1 to Adhiveshan Bhawan Gate No.- 2 in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 1.00 | 2,000=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 34. | A/R to Paver Block Work Along Road Repair Gate No.- 1 to Parking Ramp Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 1.00 | 2,000=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 35. | A/R to Paver Block Work Along Road Adhiveshan Bhawan Gate No.- 2 to Parking Ramp Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 2.93 | 5,900=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 36. | E/R to Paver Block Work Gate No.- 2 to Police Check Post in Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 23-24. | 2.93 | 5,900=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 37. | E/R to Brick Work in Electric Panel in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 2.29 | 4,600=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 38. | E/R to Cycle Stands Back Side of Garrage in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 8.67 | 17,400=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 39. | E/R to P.C.C. Work Block - 4 to New Parking in Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 9.37 | 18,800=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 40. | Forlaying of Paver's Block Near South Side and East Side of Parking Under Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 14.46 | 29,000=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 41. | E/R to Bathroom for Police in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 2.61 | 5,300=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 42. | E/R to Gate No.- 3 Gate Grill Work in the Campus of Mall Road in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 4.55 | 9,100=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 43. | E/R to Paver Block Work Back of Car Garrage in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 11.89 | 23,800=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 44. | E/R to Gate No.- 16 Water Tank Stand Work in the Campus of Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 3.09 | 6,200=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 45. | E/R to Gate No.- 2 to Dy. S.P. Qtr. Tree Protection in Mall Road Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | 4.63 | 9,300=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 46. | E/R to Gate No.- 1 New Parking Ramp Tree Protection in Mall Road Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | 4.63 | 9,300=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 47. | E/R to Kitchen Work in Magzine House in Mall Road in Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 7.38 | 14,800=00 | 1,250=00 | 15 दिन |

1.विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 17461 ( B C D ) 2023-24

**नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है**

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।

सम्पादकीय

## बिहार में नीतिश के खेला राजनीति का खेला

भारत की सियासी चचाओं में खेला शब्द संभवतः पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की देन है। तब से मीडिया की चचाओं से आगे बढ़ते हुए अब राजनेताओं की जुबान पर भी यह छा गया है। समाज का प्रभु वर्ग भी इसमें खूब मजा लेने लगा है। इस शब्द में जो अवसरवाद और अनैतिकता शामिल है, उस पर ध्यान देने की जरूरत किसी को महसूस नहीं होती। जबकि नीतीश कुमार ने खेला किया और तेजस्वी यादव ने उसका जवाबी खेला कर दिखाने का एलान किया, तो उसे हिकारत के साथ देखने के बजाय सारी इलीट चर्चा दोनों पक्षों की खेलाइ कर सकने की क्षमता के आकलन पर टिक गई। क्या यह लोकतंत्र है? यही वजह है कि राजनेताओं का अवसरवाद और अनैतिकता अब लोगों को उनका कौशल महसूस होने लगे हैं। इसकी होड़ में जो जीत जाए, उसे सिकंदर के रूप में देखा जाने लगता है। शायद इसीलिए बिहार में जब नीतीश कुमार ने खेलाइ किया और तेजस्वी यादव ने उसका जवाबी खेलाइ कर दिखाने का एलान किया, तो उसे हिकारत के साथ देखने के बजाय सारी इलीट चर्चा दोनों पक्षों की खेलाइ कर सकने की क्षमता के आकलन पर टिक गई। अंततः सोमवार को तेजस्वी यादव की क्षमता से उम्मीद जोड़े लोगों को मायूसी हाथ लगी, जब नीतीश के पक्ष ने दिखा दिया कि मुख्यमंत्री आखिर सियासत के दांव खेलने में तेजस्वी के चाचाइ हैं। विश्वासमत पर मतदान के दौरान नीतीश ना सिर्फ अपने समर्थकों को एकजुट रखने में सफल रहे, बल्कि तेजस्वी के राष्ट्रीय जनता दल के तीन विधायक भी तोड़ लिए। लेकिन मुद्दा यह है कि खेलाइ की इस होड़ में जनादेश की भावना का जिस तरह खुल्लमखुल्ला उल्लंघन होता है और लोकतंत्र का मजाक बना दिया जाता है, सार्वजनिक चचाओं में उसे इस तरह वैधता देना क्या इस खेल में खुद शामिल होना नहीं है? इससे भी बड़ा सवाल है कि राजनीति अगर सिर्फ सत्ता के समीकरण बैठाने का खेल बन जाए, तो क्या उसे लोकतांत्रिक कहा भी सकता है? लोकतांत्रिक राजनीति में यह अंतर्निहित है कि उसमें पार्टियां जनता के उन समूहों के हितों का प्रतिनिधित्व करें, जिनके समर्थन से उनकी हैसियत बनती है। इसके विपरीत अगर नेताओं के अपने हित सर्वोच्च हो जाएं, उन्हें साधने के लिए वे हर तरह का खेलाइ करने लगें, और प्रभु वर्ग में उसको उनका कौशल माना जाने लगे, तो उसका यही अर्थ होगा कि लोकतंत्र की इति-श्री हो चुकी है।

## सड़क पर किसान फिर से

किसान संगठन दिल्ली चलो अभियान पर निकल पड़े हैं। इससे 2020 का नजारा फिर से सामने आ खड़ा हुआ है। तब आंदोलन से निपटने के सरकारी उपाय किसानों का हौसला तोडे में नाकाम रहे थे। क्या इस बार सरकार सफल होगी? किसान संगठनों की मांगों का ना सिर्फ वर्तमान सत्ताधारी पार्टी, बल्कि आज की पूरी पॉलिटकल इकॉनमी के साथ तीखा अंतर्विरोध है। इसलिए इसमें कोई हैरत की बात नहीं कि चंडीगढ़ में तीन केंद्रीय मंत्रियों की टीम के साथ इन संगठनों की बातचीत नाकाम हो गई। दोनों पक्षों में सहमति सिर्फ तभी बन सकती है, जब उनमें से कोई अपने बुनियादी प्रस्थान बिंदु से हटने को तैयार हो। सरकार तो संभवतः तब तक ऐसा नहीं करेगी, जब तक किसान अपने आंदोलन को इतना बड़ा ना बना दें, जिसका असर सत्ताधारी दल की चुनावी संभावनाओं पर महसूस होने लगे। दूसरी तरफ सरकार की मौजूदा नीतियों से किसान और कृषि अर्थव्यवस्था जिस तरह बदहाल हो रहे हैं, उसके बीच इन संगठनों के पास भी लंबी लड़ाई लडे के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। यही कारण है कि लगभग दो साल के अंतराल के बाद फिर एक बड़े किसान आंदोलन की शुरूआत हो गई है।कई किसान संगठन मंगलवार को अपने दिल्ली चलोइ अभियान पर निकल पड़े हैं। इसके तहत हजारों किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर दिल्ली आने की तैयारी में हैं। इस बीच 16 फरवरी को किसान संगठन देश भर में ग्रामीण बंद का आयोजन करेंगे। उस रोज ट्रेड यूनियनें भी उनकी इस लड़ाई में शामिल होंगी। दस ट्रेड यूनियनों ने उस दिन हड़ताल पर जाने का एलान किया है। इस बीच दिल्ली प्रशासन ने किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए कई उपाय किए हैं। दिल्ली की सभी सीमाओं पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती गई है। सड़कों पर सीमेंट के बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले उपकरणों को लगा दिया गया है। दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है, जिसके तहत किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन, जुलूस या यात्रा निकलना प्रतिबंधित कर दिया गया है। हरियाणा सरकार ने अलग से ऐसे उपाय किए हैं, जिससे किसानों को दिल्ली पहुंचने के पहले ही रोक दिया जाए। यानी 2020 का नजारा फिर से सामने आ खड़ा हुआ है। लेकिन तब ऐसे उपाय किसानों का हौसला तोडे में नाकाम रहे थे। क्या इस बार सरकार सफल होगी?

## किसान मांगों के वित्तीय आयाम

यह किसान आंदोलन नहीं, हिंसक टकराव लगता है। चूंकि 2500 ट्रैक्टर और अन्य निजी गाडियां पंजाब से रवाना हुई थीं। वे दिल्ली जाने पर आमादा हैं। ऐसे में हालात हिंसक होना स्वाभाविक है। सुरक्षा बलों और पुलिस को ड्रोन से आंसू गैस के गोले दागने पड़े, क्योंकि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार का दायित्व है। किसानों को खदेडना पड़ा, तो पलट कर उन्होंने जमकर पथराव किया। शंभु बॉर्डर पर इस टकराव में 100 से अधिक किसान घायल हुए और 50 से ज्यादा बेहोश हुए, जबकि अंबाला के डीएसपी समेत 21 पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए। क्या ऐसे आंदोलन से किसानों की समस्याएं हल हो सकती हैं? मांगें मानी जा सकती हैं? दरअसल किसानों की मांगें वित्तीय और बजटीय अधिक हैं, लिहाजा आज हम उन्हीं आयामों का विश्लेषण करेंगे। सवाल है कि जब स्वामीनाथन आयोग ने नवंबर, 2006 तक अपनी छह रपटें भारत सरकार को सौंप दी थीं, तो उन्हें लागू क्यों नहीं किया गया? क्योंकि डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार जानती थी कि रपट के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय किया गया, तो वित्तीय स्थिरता डगमगा सकती है और खाद्य मुद्रास्फीति 25-30 फीसदी तक बढ़ सकती है। क्या किसान देश में ऐसे आर्थिक हालात चाहते हैं? प्रख्यात कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी का आकलन भी यही है। उनका कहना है कि मनमोहन सिंह सरीखे अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री एमएसपी गारंटी कानून का रास्ता नहीं अपनाएंगे, लिहाजा सरकार ने उन रपटों को लागू नहीं किया। यह आकलन भी है कि यदि सरकार को एमएसपी गारंटी पर ही 22-23 फसलों की खरीद करनी पड़े, तो उसे कमोबेश 10 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। यह राशि देश के आधारभूत ढांचे के लिए तय बजट के लगभग बराबर है। हमारा कुल खर्च बजट करीब 45 लाख करोड़ रुपए का है। यदि इसका एक-चौथाई हिस्सा फसलों की खरीद पर ही खर्च किया जाता है, तो अन्य विकास परियोजनाओं का क्या होगा? मौजूदा सरकार ने अपने 10-साला कार्यकाल के दौरान 18.40 लाख करोड़ रुपए के एमएसपी बढ़ाए हैं। जाहिर है कि किसानों की फसलें बेहतर दाम पर बिक रही हैं। यदि उन्हें कम दाम मिलते हैं अथवा मंडियों में आढ़तियों के गिरोह किसान का आर्थिक शोषण करते हैं, तो वह खुले बाजार की व्यवस्था को स्वीकार क्यों नहीं करता? भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियां 2.28 लाख करोड़ रुपए सालाना की फसलें खरीदती हैं, जबकि यूपीए सरकार के दौरान 1.06 लाख करोड़ रुपए की फसलों की खरीद ही की जाती थी। बहरहाल आंदोलित किसानों की मांगें सिर्फ एमएसपी गारंटी कानून तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आग्रह कर रहे हैं कि भारत ह्यविश्व व्यापार संगठनह्न से बाहर आ जाए। उसके साथ समझौते को रद्द कर दे। यह कैसे संभव है? भारत ने यूपीए सरकार के दौरान इस संगठन के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। कल किसान कहेंगे कि अमुक देश के साथ कारोबार करना या नहीं करना है। वे अनाप-शनाप आग्रह कर सकते हैं। उन्हें मानना कैसे संभव है? इसके अलावा, किसान 10,000 रुपए माहवार की पेंशन और फसल बीमा की किस्त का सरकार द्वारा ही भुगतान की मांग भी कर रहे हैं। देश के अन्य समुदाय, पेशेवर और उद्यमी भी ऐसी मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। देश की सरकार क्या करेगी और बजट कहां से लाएगी? सिर्फ किसानों के लिए देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद नहीं की जा सकती।

# कोटा से कैसे मिटेगा आत्महत्याओं का कलंक

**कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं।**






**रमेश सर्राफ धमोरा-**
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)

कोटा में एक बार फिर कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ का रहने वाला स्टूडेंट शुभकुमार चौधरी (16) ने सोमवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी। डीएसपी भवानी सिंह ने बताया कि स्टूडेंट 12वीं में पढ़ाई करता था। सोमवार रात जेईई की रिजल्ट आया था। सुबह उसने पैरेंट्स का फोन नहीं उठाया तब वार्डन को कॉल किया। वार्डन ने गेट को धक्का देकर खोला तो स्टूडेंट पंखे पर लटका हुआ था। इस साल कोटा में सुसाइड का यह चैथा मामला है। 2 फरवरी को गोंडा के नूर मोहम्मद (27) ने, 31 जनवरी को कोटा के बोरखेड़ा की निहारिका (18) ने, 24 जनवरी को मुरादाबाद के मोहमद जैद (19) ने आत्महत्या की थी। राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। यहां पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 500-700 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित सरकार हरकत में आई है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला गया है। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए गये हैं जिन पर यदि कोई लटकने की कोशिश करेगा तो उस पर लगी डिवाइस में लगा सायरन बजने लगेगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई के दौरान कहा था कि कोटा में बच्चों की सुसाइड के लिए उनके माता-पिता जिम्मेदार हैं। क्योंकि परिजन अपने बच्चों से उनकी क्षमता से ज्यादा आस लगा लेते हैं।

# राजनीतिक पैमाने पर रत्नों का चुनाव

**दुनिया में नोबल पुरस्कारों को लेकर जैसी राजनीति होती रही है और पुरस्कार जिस तरह से भू-राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित होते रहे हैं उसी तरह भारत रत्न का भी मामला है। भारत के अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों को उनके निधन को दशकों बाद भारत रत्न दिया गया। सोचें, कैसी विडंबना है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को एमजी रामचंद्रन के दो साल बाद 1990 में भारत रत्न मिला और सरदार वल्लभ भाई पटेल व मोरारजी देसाई को राजीव गांधी के साथ 1991 में भारत रत्न दिया गया। महान स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण को तो और भी इंतजार करना पड़ा। उनको 1999 में भारत रत्न मिला तो मदन मोहन मालवीय को 2015 में सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भारत रत्न दिए जाने के इस पैटर्न को देख कर समझा जा सकता है कि किस तरह से विचारधारा के आधार पर सरकारों ने भेदभाव किया और भारत रत्नों का चुनाव किया। अब भी इस देश के सबसे मौलिक राजनीतिक-सामाजिक विचारक राममनोहर लोहिया को भारत रत्न नहीं मिला। बाबू जगजीवन राम से लेकर कांशीराम तक अनेक नेता ऐसे हैं, जिनको यह सम्मान नहीं मिला है। लेकिन इससे भारतीय राजनीति और समाज में उनक योगदान कम नहीं हो जाता है। चूंकि भारत रत्न के लिए ऐसी महान विभूतियों के नाम पर विचार नहीं होता है, जिनका निधन आजादी से पहले हो गया था इसलिए विभूतियों की सूची थोड़ी छोटी हो जाती है फिर भी ऐसी अनेक विभूतियां हैं, जो इससे वंचित रह गई हैं।**






**अजीत द्विवेदी-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

दुनिया का कोई भी पुरस्कार या सम्मान किसी व्यक्ति की महानता के मूल्यांकन का पैमाना नहीं हो सकता है। पिछली सदी के सबसे महान राजनीतिक व सामाजिक विचारक और आंदोलनकारी महात्मा गांधी को शांति का नोबल पुरस्कार नहीं मिला है। लेकिन इससे गांधी की महानता में रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता है। ऐसे ही जितने लोगों को नोबल पुरस्कार मिले हैं वे सब हर कसौटी पर महान हैं ऐसा भी नहीं माना जा सकता है। दुनिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, खासकर शांति, साहित्य और अर्थशास्त्र का नोबल अक्सर भू-राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित होता है। अमेरिकी और पश्चिमी दुनिया के राजनीतिक नैरेटिव के हिसाब से ये पुरस्कार दिए जाते हैं। तभी इस सर्वोच्च पुरस्कार के विरोधाभास कई बार हैरान करने वाले होते हैं। महात्मा गांधी को शांति का नोबल नहीं मिला, लेकिन जिस व्यक्ति की कूटनीति से दुनिया के कई हिस्सों में हजारों लोग मारे गए उस हेनरी किसिंजर को शांति का नोबल मिला। अमेरिका को एक के बाद एक छह युद्धों में धकेलने वाले बराक ओबामा को भी नोबल मिला और दुनिया में युद्ध नीति के सबसे बड़े जानकार माने गए विंस्टन चर्चिल को शांति का तो नहीं लेकिन साहित्य का नोबल मिला। दुनिया में नोबल पुरस्कारों को लेकर जैसी राजनीति होती रही है और पुरस्कार जिस तरह से भू-राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित होते रहे हैं उसी तरह भारत रत्न का भी मामला है। भारत के अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों को उनके निधन को दशकों बाद भारत रत्न दिया गया। सोचें, कैसी विडंबना है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को एमजी रामचंद्रन के दो साल बाद 1990 में भारत रत्न मिला और सरदार वल्लभ भाई पटेल व मोरारजी देसाई को राजीव गांधी के साथ 1991 में भारत रत्न दिया गया। महान स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण को तो और भी इंतजार करना पड़ा। उनको 1999 में भारत रत्न मिला तो मदन मोहन मालवीय को 2015 में सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भारत रत्न दिए जाने के इस पैटर्न को देख कर समझा जा सकता है कि किस तरह से विचारधारा के आधार पर सरकारों ने भेदभाव किया और भारत रत्नों का चुनाव किया। अब भी इस देश के सबसे मौलिक राजनीतिक-सामाजिक विचारक राममनोहर लोहिया को भारत रत्न नहीं मिला। बाबू जगजीवन राम से लेकर कांशीराम तक अनेक नेता ऐसे हैं, जिनको यह सम्मान नहीं मिला है। लेकिन इससे भारतीय राजनीति और समाज में उनक योगदान कम नहीं हो जाता है। चूंकि भारत रत्न के लिए ऐसी महान विभूतियों के नाम पर विचार नहीं होता है, जिनका निधन आजादी से पहले हो गया था इसलिए विभूतियों की सूची थोड़ी छोटी हो जाती है फिर भी ऐसी अनेक विभूतियां हैं, जो इससे वंचित रह गई हैं।असम में आजादी के बाद ही कांग्रेस की सरकारों ने इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान को राजनीति का एक टूल बना दिया था। आखिरी बार जब कांग्रेस की सरकार को भारत रत्न देने का मौका मिला तो उसने 2014 में सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न दिया था। उस समय सचिन की उम्र 40 साल के करीब थी और वे खेल से रिटायर भी नहीं हुए थे। सोचें, भारत रत्न में खेल की श्रेणी नहीं थी इसलिए पहले की सरकारों ने महान ध्यानचंद या मिल्खा सिंह को इससे सम्मानित नहीं किया था। लेकिन जब खेल की श्रेणी में पुरस्कार दिया गया तो कांग्रेस की सरकार को सचिन तेंदुलकर पहले खिलाड़ी मिले, जिनको भारत रत्न दिया गया। उस समय लोकसभा के साथ ही महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव भी थे तो किसी ने कांग्रेस के नेताओं को समझाया होगा कि इससे महाराष्ट्र लगातार चौथी जीत मिल सकती है। सोचें, कैसी विडंबना है कि भारत रत्न सचिन अभी तक कोल्ड ड्रिंक्स से लेकर इनवर्टर का विज्ञापन कर रहे हैं!भारत रत्न को लेकर जब भी यह बात उठती है कि पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी ने खुद प्रधानमंत्री रहते भारत रत्न ले लिया तो कांग्रेस के नेता या उसके इको सिस्टम में काम करने वाले फ्रीलांस विचारक कुछ तथ्य निकाल कर समझाते हैं कि कैसे नेहरू और इंदिरा ने खुद भारत रत्न नहीं मिला था, बल्कि राष्ट्रपति या दूसरे लोगों ने जबरदस्ती करके दिलाया था। सोचें, क्या आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू या सरकार के मंत्री जैसे राजनाथ सिंह या एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण आदि जिद करके नरेंद्र मोदी को भारत रत्न दिला दें तो कांग्रेस इसे बरदाश्त करेगी? क्या इसकी आलोचना नहीं होगी? यह एक बहुत खराब परंपरा है, जिसकी शुरूआत कांग्रेस ने आजादी के सबसे बड़े नायकों में से एक और आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित नेहरू के समय ही कर दी थी।बहरहाल, कांग्रेस ने जिस तरह भारत रत्न का इस्तेमाल किया अब भाजपा की सरकार भी उसी तरह इसका इस्तेमाल कर रही है। नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के शासन में 10 भारत रत्न दिए हैं, जिनमें से आठ राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले हैं। भूपेन हजारिका और एमएस स्वामीनाथन दो ही ऐसे भारत रत्न हैं, जिनका राजनीति से मतलब नहीं था। नानाजी देशमुख भी राजनीति में रहे थे और बाद में सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में ज्यादा समय दिया।

# चुनावी बांड मामले में अपने फैसले पर अब क्या कर रहा है सर्वोच्च न्यायालय?

**नित्य चक्रवर्ती-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है। अब लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी भारी रकम खर्च करेगी। एक और किश्त अप्रैल के पहले सप्ताह में आयेगी और नियमों के अनुसार, बिक्री एक महीने से अधिक समय तक खुली रह सकती है क्योंकि यह आम चुनाव की पूर्व संध्या पर है। सर्वोच्च न्यायालय तीन महीने से अधिक समय से विवादास्पद चुनावी बांड योजना की वैधता पर अपना निर्णय देने में पूरी तरह से चुप क्यों है? कई तारीखों पर सभी पक्षों को सुनने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 2 नवंबर, 2023 को सुनवाई पूरी की थी तथा निर्णय सुरक्षित रखा था। अब तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है लेकिन रजिस्ट्रार के कार्यालय से कोई संकेत नहीं है कि फैसला जल्द दिया जा रहा है। आदेश जो भी हो, बांड को मंजूरी देना या आदेश को रद्द करना वर्तमान समय में राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश में इस साल अप्रैल/मई में आम चुनाव होने वाले हैं और सत्तारूढ़ दल भाजपा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फैसले पर की जा रही देरी का पूरा फायदा उठा रही है। अब तक जारी किये गये चुनावी बांड की 80 प्रतिशत से अधिक राशि के साथ भाजपा ने खुद को समृद्ध किया है। 2 जनवरी से 11 जनवरी, 2024 तक चली चुनावी बांड बिक्री के नवीनतम चरण में 570 करोड़ रुपये से अधिक के चुनावी बांड बेचे गये हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार याचिकाओं पर सुनवाई शुरू होने के बाद से यह बेचा गया चुनावी बांड का दूसरा बैच था। 2018 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा घोषित चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देते हुए, अब तक 30 किश्तें बेची जा चुकी हैं और सबसे बड़ी लाभार्थी भाजपा रही है जो सत्तारूढ़ पार्टी है। चूंकि कॉरपोरेट कम्पनियां बांड के मुख्य खरीदार हैं, वे ज्यादातर सत्तारूढ़ शासन का पक्ष लेने के लिए भाजपा को दान देते हैं। मूल चुनावी बांड योजना 2017 को अगले वर्ष 2018 से लागू होने के बाद से कई याचिकाकताओं द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, लेकिन पिछले साल अप्रैल में ही, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डॉ डी वाई चंद्रचूड़ ने संकेत दिया था कि वह सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ की स्थापना के बारे में फैसला करेंगे। उसके बाद से याचिकाओं पर पिछले साल 2 नवंबर को सुनवाई पूरी हुई थी। चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने 7 नवंबर 2022 को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि उस वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके, ऐसे समय जब कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले थे। नियमों के अनुसार, बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनावों से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी थी। जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले छह वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायकों को खरीदा है। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धनराशि जुटाई गई थी। भाजपा ने हाल ही में फ्लोर टेस्ट से पहले झारखंड विधानसभा में दलबदल को प्रोत्साहित करने की कोशिश की, लेकिन यह असफल रहा। बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग करना भाजपा के लिए एक रास्ता है क्योंकि जो कंपनियां दान देती हैं वे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को नाराज नहीं करना चाहती हैं और आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह तब स्पष्ट हुआ जब बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज को 2022 में राहुल गांधी के साथ आखिरी बातचीत के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की आशंका थी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024




## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम प्रहरियों की राज्य कर्मचारी घोषित किए जाने की मांग

राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के मुक्ताकाश मंच पर चौकीदार सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां ग्राम प्रहरियों ने उप्र सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम पत्र लिखकर एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट को सौंपा। ज्ञापन में ग्राम प्रहरियों ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए वेतन वृद्ध एवं राज्य कर्मचारी घोषित किए जाने की मांग की है। सीएम को लिखे पत्र में ग्राम प्रहरियों ने अवगत कराया कि हम उप्र के ग्राम प्रहरी अंग्रेजी शासन काल से 2500 रुपये के अल्प मासिक वेतन पर कार्य कर रहे हैं, हमारी दशा बहुत ही खराब है भूखे मरने के कगार पर हैं। जबकि हमारे पडोसी राज्यों में हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखण्ड, विहार में अच्छा वेतन मिलता है। वहीं पर राज्य कर्मचारी दर्जा प्राप्त हैं। हम लोग गाँव में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखकर 24 घण्टे व रात्रि गस्त भी करते हैं। देखा जाए तो हम लोगों को पुलिस की आँख, कान माना जाता है। हम विभिन्न प्रकार की परिस्थति का सामना करते हुए अपने कार्यों का निर्वहन करते है, 2500 रुपये के मासिक वेतनप पर हम अपना घर परिवार कैसे चलाए ? कहा कि हमें राज्य कर्मचारी घोषित करने की कृप करें।

### किसानों पर बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाए जाने पर सौंपा ज्ञापन

बेरोजगार मजदूर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ किशोर सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा द्वारा दिल्ली जाते किसानों के समर्थन में किए गए आह्वान पर उप्र में जनपद एवं तहसील मुख्यालयों पर महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में फसलों पर एमएसपी लागू किया जाए, किसान मजदूर आयोग गठन किया जाए। जिसमें किसानों मजदूरों का प्रतिनिधित्व हों।शिक्षित, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध होने तक 6 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता मुहैया कराने हेतु। ई -रिक्शा चालकों का पुलिसिया उत्पीड़न बंद हो रुट निर्धारित न हो। ई रिक्शा चालकों के पुराने सभी किए गए चालान वापसी की मांग मुख्य रूप से रखीं गई। महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा दीपू गुप्ता ने कहा कि जब तक एमएसपी गारंटी कानून लागू नहीं होता तब तक किसान खुशहाल नहीं हो सकता। दिल्ली जाते किसानों पर बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाया जाना निंदनीय है। इस अवसर पर एड. नरेंद्र शर्मा, एड. यशपाल चौहान, राहुल उपाध्याय, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### बांके बिहारी के भजनों पर झूमें भक्त

अलीगढ़ कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी 2024 में वार्ष्णेय पहल संगठन द्वारा एक शाम बांके बिहारी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें भजन गायक एलएस तोमर ने भजनों की शुरूआत गणेश वंदना के साथ की उसके बाद बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर भजन गायिका दिल्ली से आई नीतू तोमर ने सरस्वती बंदना की और एक से बड़कर बांके बिहारी भजनों को गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद बुलंदशहर के आए भजन गायक ओम सागर ने बांके बिहारी सब कृपा तुम्हारी, मुझे वृंदावन बुला लो, कजरारे तेरे मोटे मोटे नैना जैसे भजन सुनकर खूब तालियां बटोरी। आज ही के दिन 14 फरवरी को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीरों को याद कर श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा और प्रदर्शनी ठेकेदार कन्हैया लाल वार्ष्णेय, विद्युत ठेकेदार सोम गुप्ता, और राजीव वार्ष्णेय खन्ना सॉफ्टी ने दीप प्रज्जलन कर किया। कार्यक्रम में संगठन प्रभारी विष्णु कुमार बंटी, अध्यक्ष अमित गुप्ता कोनार्क, महामंत्री गौरव काका, कोषाध्यक्ष अमित छोटू, अतुल राजाजी, जितेंद्र टीडी, राहुल क्लासिक, गौरव सम्राट, अर्जुन वार्ष्णेय, कौशल बजाज, नवीन गुप्ता, सहित सैकड़ों भक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### एएमयू ने कक्षा 1, 6 और 9 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अपने स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। परीक्षा नियंत्रक की अधिसूचना के अनुसार, बिना विलंब शुल्क के प्रवेश फॉर्म ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि 11 मार्च है और विलंब शुल्क के साथ 18 मार्च है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों को वेबसाइट पर लॉग इन पासवर्ड बनाना होगा और निदेर्शानुसार आवश्यक जानकारियां भरनी हैं।

# श्री वेंकटेश्वरा में बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत@2047 संकल्प के लिए इसको अहम कड़ी करार दिया



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा/गजरौला। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में ह्यह्यबौद्धिक सम्पदा अधिकारह्यह्य विषय पर आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार समापन हुआ। इस दो-दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला के अलग-अलग आठ सत्रों में देश के विभिन्न सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों एवं भारत सरकार उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं समेत एक दर्जन वक्ताओं ने इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत@2047 संकल्प के लिए इसको अहम कड़ी करार दिया।श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में ह्यह्यबौद्धिक सम्पदा अधिकारह्यह्य विषय पर आपेक्षित राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, पंतनगर विश्वविद्यालय के सी.ई.ओ. प्रो. जे.पी. मिश्रा, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक पाण्डे, उद्योग मंत्रालय के यासिर अब्बास जैदी, रक्षा मंत्रालय (डी.आर.डी.ओ.) के पूर्व निर्देशक डॉ. अविनाश कुमार एवं कुलपति डॉ. ऐ.के. शुक्ला आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के सी.ई.ओ. प्रो. (डॉ.) जे.पी. मिश्रा ने कहा कि आज विकसित एवं विकासशील देशों की ग्रोथ में फर्क सिर्फ इतना है कि विकसित देश अपनी बौद्धिक सम्पदाओं को बहुत पहले से ही कॉपीराईट, पेटेंट एवं ट्रेडमार्क जैसी ह्यह्यफुलप्रूफ स्क्यिोर तकनीकह्यह्य द्वारा सुरक्षित करके पूरी दुनिया पर राज करते रहे हैं। आज भारत में भी प्रत्येक विभाग में देश के वैज्ञानिक, शोधार्थी, औद्योगिक इकाईयों, शिक्षण संस्थान, सभी सरकारी संस्थाऐं अपनी योजनाओं एवं अपने उत्पादों को पेटेंट कर ह्यह्यविकसित भारत संकल्प@2047ह्यह्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. ऐ.के. शुक्ला, डी.आर.डी.ओ. के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश सिंह एवं डॉ. मोहित शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डे, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, डॉ. प्रिया यादव, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चैधरी, मेरठ परिसर से निर्देशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ. शिल्पा रैना ने किया।

# तेंदुए ने चार बकरियों को बनाया अपना शिकार, मौहल्ले वासी खौफजदा



प्रात : किरण संवाददाता

उमरी कलां। नगर पंचायत उमरी कलां के वार्ड नं० 09 मोहल्ला पछेयांन में तेंदुए के द्वारा चार बकरियो के शिकार बनाने की बड़ी सनसनी खेज घटना सामने आई है। उमरी कलां के मौहल्ला पछेयान निवासी जियाउद्दीन पुत्र श्री अमीनुद्दीन जी की चार बकरियों को तेंदुए ने मौत के घाट उतार दिया। यह घटना सामने आते ही नगर वासियों ने इसकी सूचना नगर पंचायत अध्यक्ष मौहम्मद उसमान अली को दी सूचना पाकर तुरंत मौके पर पहुंचे नगर पंचायत चेयरमैन ने वन विभाग के आला अधिकारियो सहित पुलिस प्रशासन और एसडीएम को तुरंत सूचित किया। सूचना पाकर लेखपाल सहित पुलिस प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उमरी कलां वासियों को चेयरमैन मौहम्मद उस्मान अली ने रात्रि के समय सावधान रहने और बच्चो को घर से अकेला ना निकलने की हिदायत दी।जैसे ही सूचना नगर पंचायत उमरी कलां कार्यालय के स्टाफ को हुई वो भी मौके पर पहुंचे।नगर पंचायत अध्यक्ष मौहम्मद उसमान अली ने तेंदूए द्वारा हुई घटना को देखते हुए बिजली व्यवस्था को और मजबूती से सुचारू करने की कमर्चारियों को हिदायत दी।घटना स्थल पर पहुंचने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली , ईओ श्वेतांक सारस्वत जी , अध्यक्ष प्रतिनिधि मौहम्मद जीशान , वन विभाग से मनोज कुमार वर्मा , अमरजीत सिंह, नजम अहमद , सुरेन्द्र सिंह यादव तथा जयकुमार तथा बड़ी तादाद में नगर निवासीयो सही पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर मौजूद रहें।

# उत्कृष्ट चित्रकला के लिये बच्चों को दिए गए पुरस्कार





प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। बिरला ग्रुप की जानी मानी अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट स्योहारा के क्लब ने बसंत पंचमी के अवसर पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मिल के आवासीय परिसर में रहने वाले छात्र छात्राओं और नगर क्षेत्र के 30 स्कूली बच्चो सहित लगभग 80 बच्चों ने प्रतिभा किया प्रतियोगिता में चित्रकला कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार वह कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर कराए गए चित्रकला प्रतियोगिता के कार्यक्रम के साथ बच्चों के अन्य खेलकूद के कार्यक्रम भी कराए गए। जिसमें बच्चों ने बहुत ही आनंद लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थितजनो का मनमोह लिया। उपस्थित जनों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों तथा आयोजको की प्रशंसा की।

# बीज, कृषि यंत्रों पर मिलने वाली अनुदान राशि तत्काल किसानों के खाते में भेजें- जिलाधिकारी

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर कई योजनाओं की प्रगति चिंताजनक, माह के अंत तक सुधारी जाये प्रगति- अविनाश

मैनपुरी, एजेंसी

जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास कार्यों की मासिक समीक्षा के दौरान बैठक से अनुपस्थित पाए जाने, विभागीय योजनाओं की प्रगति खराब होने पर ए.आर. को-ऑपरेटिव, महाप्रबंधक दुग्ध का स्पष्टीकरण प्राप्त करने, पर्यटन विभाग के संचालित कार्यों में ई-श्रेणी होने पर यू.पी.पी.सी.एल. के प्रबंधक को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने, कृत्रिम गभार्धान, मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, व्यक्तिगत शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गठित समूह का बैंक क्रेडिट लिंकेज, कृषि यंत्र अनुदान योजना में खराब रैंकिंग पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि इस माह में प्रत्येक दशा में प्रगति सुधारी जाए।

उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के आवास पूर्ण नहीं हो रहे हैं, जिस कारण जनपद की रैंकिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर खराब हो रही है, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूह के बैंक क्रेडिट लिंकेज में जनपद विगत कई माह से डी-श्रेणी में चल रहा है। उन्होंने उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंकर्स से समन्वय स्थापित कर बैंक क्रेडिट लिंकेज की प्रगति सुधारें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, उपायुक्त मनरेगा पी.सी. राम, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, उपयुक्त एन.आर.एल.एम. शौकत अली, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सत्येंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूर्य प्रताप, उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चंद, जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम, जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन यादव, जिला दिव्यांगजन संशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण कुमार शुक्ला, समस्त खंड विकास अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता सहित अन्य संबंन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# दहेज की माँग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकाला

प्रात : किरण संवाददाता

गजरौला। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले में पति समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।शहर के मोहल्ला चौधरी चरण सिंह नगर निवासी ओमप्रकाश सैनी की बेटी ममता रानी की शादी हसनपुर के मोहल्ला महल निवासी शुभम सैनी के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ही ससुराल वालों ने विवाहिता से दहेज बतौर पांच लाख रुपये की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर प्रताड़ित किया गया। बीती दो फरवरी को ससुराल वालों ने विवाहिता को कमरे में बंधक बना लिया। उसने किसी तरह फोन कर पुलिस को बुलाया। जानकारी पर विवाहिता के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि ससुराल वालों ने मारपीट करते हुए विवाहिता को घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन के मुताबिक मामले में विवाहिता के पति शुभम सैनी, सास कश्मीरी देवी, ससुर रामनिवास सैनी, ननद कविता,दीपिका, उपासना व मीनाक्षी, नंदोई बृजपाल, राजकुमार सैनी, प्रतीक सैनी व बंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बाबा की पालकी संग पूरा हुआ साई परिक्रमा महोत्सव

## ढोल ताशों संग भक्तों ने लगाई 108 परिक्रमा

अलीगढ़, एजेंसी

एक अलग ही उत्साह और एक अलग ही उमंग दिखी साई परिक्रमा महोत्सव के अंतिम दिन गुरूवार को। ढोल ताशों के संग निकाली गई बाबा की पालकी के आगे-आगे महिला व पुरूष भक्त भजनों पर नृत्य करते नजर आए। सिद्धपीठ मंदिर श्री साई बाबा सारसौल पर तीन दिवसीय 19वें साई परिक्रमा महोत्सव के अंतिम दिन गुरूवार को भक्तों की भीड़ जमकर उमड़ी। साई मंदिर प्रांगण की 108 परिक्रमा लगाते हुए भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद लिया। सुरक्षा व निगरानी के बीच भक्तों ने तीनों दिन बाबा के जयकारे लगाते हुए परिक्रमा उपरांत साई बाबा की जीवंत मूर्ति के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष धर्मप्रकाश अग्रवाल व सचिव राजकुमार गुप्ता के निर्देशन में बसंत पंचमी के अवसर पर 13 फरवरी से आयोजित तीन दिवसीय साई परिक्रमा महोत्सव के अंतिम दिन शयन आरती के उपरांत परिक्रमा समाप्त हुई। पूरा प्रांगण वसंती रंग की सजावट और धार्मिक भजनों की मधुर ध्वनी से सराबोर नजर आया। बाबा का गुणगान करते हुए पूरे उल्लास के साथ महिला व पुरूष भक्तगण अलग-अलग पंक्तियों में माथे पर चन्दन लगवाकर परिक्रमा लगाते देखे गये। भव्य फूल बंगले से सजाये गये मंदिर में 72 घंटो तक चली इस परिक्रमा में साई सेवक रवि प्रकाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, गिरीश गोविल, राकेश बतरा, डा. बीके टण्टेला, रोहित कोचर, संदीप सागर आदि द्वारा चिकित्सा कैंप, जूता घर, चाय घर, विश्राम घर आदि में भक्तों के लिए निःशुल्क सेवाऐं प्रदान कीं। वही, अन्य व्यवस्थाओं में रमेश चंद्र अग्रवाल, कमल गुप्ता, अन्नू अग्रवाल, रमन गोयल, राजा राजानी, पंकज धीरज, प्रेमकांत माहेश्वरी, विष्णु कुमार बंटी, गिर्राज किशोर शर्मा, हरे कृष्ण मुरारी आदि जुटे रहे।

# राजस्व कार्यों में जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व एवं कर करेत्तर

## विकास कार्यों एवं निर्माण परियोजनाओं की बैठक संपन्न

अलीगढ़, एजेंसी

जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में राजस्व एवं कर करेत्तर, विकास कार्यों एवं निर्माण परियोजनाओं की सीएम डैश बोर्ड के माध्यम से समीक्षा की गई। राजस्व कार्यों में जिले का प्रदेश में प्रथम स्थान रहा, वहीं आबकारी एवं जीएसटी डिपार्टमेंट को निर्देशित किया गया कि वह और ध्यान देंगे तो आगे जिले की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। एआईजी स्टाम्प द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिला खनन अधिकारी को प्रवर्तन कार्यों में रुचि न लिए जाने पर चेतावनी देते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय बिंदुओं पर पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हों, आगामी बैठक में राजस्व बढ़ाने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।



डीएम ने डीसीओ को लम्बित गन्ना भुगतान एवं डीएसओ को आधार सीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जीएसटी डिपार्टमेंट को टॉप 20 रेवेन्यू प्राप्तियों का तुलनात्मक चार्ट और कम राजस्व प्राप्तियों के संबध में कारण स्पष्ट कराने और ज्वाइंट कमिश्नर (कारपोरेट) द्वारा अपेक्षानुरूप प्रगति न किए जाने पर प्रवर्तन कार्य बढ़ाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, मानक, समयबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए चौक लिस्ट के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों एवं एक्सिक्यूटिव इंजीनियर्स की 10 संयुक्त टीम गठित करते हुए हर माह प्रत्येक टीम द्वारा 2 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान पीएम जल निगम सीएनडीएस के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने आरएमपीएसयू शासन की शीर्ष प्राथमिकता की महत्वाकांक्षी परियोजना है, कार्य हर स्थिति में फरवरी मासांत तक पूर्ण करना है, ऐसे में श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राजकीय नलकूपों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की रेण्डम जाँच करते हुए विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# पहला मैच में घेर मुनाफ व दूसरे मैच में नेशनल क्लब ने दर्ज की जीत





प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। गुरुवार को दाऊद सराय रोड स्तिथ स्टार न्यू फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी में आयोजित शेरू परवेज मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के पांचवे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच घेर मुनाफ क्रिकेट क्लब (जीएमसीसी) ने छह विकेट से जीता तो दूसरा मैच नैशनल क्लब ने तीन विकेट से जीता। पहला मैच मैच घेर मुनाफ क्रिकेट क्लब बनाम फारुख यूथ क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। यूथ क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। यूथ क्लब 19.1 गेंद पर 122 रनो पर आल आउट हो गयी। कप्तान परवेज पाशा ने 42, नजम ने 24 रन बनाए।जीएमसीसी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कैफ मंसूरी ने चार, वसीम, आसिफ, अजहर ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जीएमसीसी ने 12.4 गेंदों पर चार विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर मैच जीत लिया। असद जानू ने शानदार 64, फैजान पाशा ने 40, तल्हा ने 14 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच बेहतरीन गेंदबाजी करने पर कैफ मंसूरी को दिया गया। दूसरा मैच एसएच एलेवम बनाम नैशनल क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एसएच क्लब ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। नैशनल क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाए। जवाब में उतरी एसएच एलेवन 18.3 गेंदों पर 133 रन पर आल आउट हो गयी। नैशनल क्लब ने ये मैच पांच रनो से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अरीब नकवी को शानदार बोलिंग व बल्लेबाजी करने पर दिया गया।इस दौरान इकबाल हैदर, सलमान मंसूरी, वसीम बैग, वजीर अहमद, खुर्शीद अहमद, खालिद नईम, आरिफ मसूद, सलीम पहलवान, अमीन, अनस, अजीम, शाहरूख पठान, तैयब सुल्तान, अदनान मसरूर, फैजी खान, साईम खान, अजहर अब्बासी, तारीख दादा समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# एसटीएस स्कूल में कोलगेट का उज्वल मुस्कान, उज्ज्वल भविष्य शिविर का हुआ आयोजन

## कोलगेट कंपनी ने छात्रों को मुख स्वच्छता के बारे में दी जानकारी

अलीगढ़, एजेंसी

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सैयदना ताहिर सैफुद्दीन स्कूल द्वारा छात्रों के बीच मुख स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए, टूथपेस्ट बनाने वाली दिग्गज कंपनी कोलगेट के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ह्यब्राइट स्माइल्स, ब्राइट फ्यूचर्सह्य अभियान की मेजबानी करते हुए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को मुख स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करना और चुवाओं को स्वस्थ मुस्कान बनाए रखने के लिए जागरूक करना है। कोलगेट के विशेषज्ञों की टीम ने छात्रों को मुख स्वास्थ्य पर एक जानकारीपूर्ण सत्र में शामिल किया, जिसमें दांतों को ब्रश करने का सही तरीका दिखाया गया और दंत चिकित्सकों के पास नियमित रूप से जाने और समग्र दंत स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। टीम ने सभी छात्रों को दंत चिकित्सा देखभाल किट वितरित की और उनसे मौखिक और दंत स्वास्थ्य के रखरखाव के संबंध में शिविर में सीखे गए सबक को अपनाने का आग्रह किया। उस दिन एक यादगार फोटो सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें अभियान के सार और छात्रों की खुशी भरी भागीदारी को दशार्या गया। स्कूल के प्रिंसिपल श्री फैसल नफीस ने दंत स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को दंत स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने में उनके योगदान के लिए कोलगेट टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने किसी के आचरण में मजबूत और साफ दांतों के महत्व को रेखांकित किया जो दूसरों को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फरहान हबीब ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि सुश्री नसरीन फातिमा ने कार्यक्रम का संचालन किया और आभार जताया।

# यत्र नारी पुजयन्ते रमंते तत्र देवता

कुशीनगर, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे शक्ति वंदन अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को जनपद के सभी सातों विधानसभाओं में एक साथ शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें स्वयं सहायता समूह और एनजीओ के सीआरपी तथा भीवो को सम्मानित कर नेताओं ने भाजपा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताते हुए 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय सेवरहीं ब्लाक सभागार में आयोजित तमकुहीराज विधानसभा के शक्ति सम्मान समारोह में नारी शक्ति को सम्मानित करने के बाद कहा कि यत्र नारी पुजयन्ते रमंते तत्र देवता का जो सूत्र हजारों वर्षों पूर्व हमारे ग्रंथों में वर्णित है। उसको मोदी सरकार में पिछले 10 सालों में हमने पूरा होते हुए देखा है। 21वीं शताब्दी पूरी तरीके से महिला शक्ति के नाम रहेगी कहा कि हमारी सरकार नारी शक्ति को समृद्ध और सशक्त बनाने का काम कर रही है 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की सखी बहनों को सशक्त बनाने का कार्य डबल इंजन की सरकार ने किया है समूह की बहनों को लखपति दीदी ड्रोन दीदी बनाकर सरकार ने स्वालंबन के माध्यम से नारी शक्ति को समृद्ध और सशक्त बनाने का काम कर रही है। जिला मीडिया प्रभारी तथा शक्ति वंदन कार्यक्रम के संयोजक विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि हाटा और कुशीनगर विधानसभा में सांसद विजय कुमार दूबे, फाजिलनगर विधानसभा में विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, पडरौना विधानसभा में जिला महामंत्री सुदर्शन पाल, खड्डा विधानसभा में विधायक विवेकानंद पाण्डेय और रामकोला विधानसभा में विधायक विनय प्रकाश गोंड ने शक्ति सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नारी शक्ति को सम्मानित एवं सम्बोधित किया।

# डीपीएस खैर में हुई ओलंपियाड परीक्षा

अलीगढ़, एजेंसी

गुरुवार को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल खैर में आंतरिक स्तर पर ओलंपियाड परीक्षा कराई गई। जिसमें कक्षा 6, , 7, 8 के सभी बच्चों ने भाग लिया। विषय गणित, सामान्यज्ञान, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानसिक योग्यता, सम्मिलित थे। ओलंपियाड की परीक्षा बड़े स्तर पर सबसे कठिन मानी जाने वाली परीक्षाओं में से एक मानी जाती है इन परीक्षाओं से विद्यार्थी की विषय के प्रति अपने ज्ञान की जानकारी होती है और इससे बच्चों की बौद्धिक क्षमता का भी पता चलता है। स्कूल के प्रबंधक राजेश गोयल ने कहा कि ओलंपियाड परीक्षा को पास करना किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि ओलंपियाड में भाग लेने वाले छात्रों को और उसमें अच्छी रैंक लाने के आधार पर विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। प्रबंधक अजय अग्रवाल व सचिव अंजू गोयल ने कहा कि ऐसी आंतरिक परीक्षाओं से बच्चों में उत्साह बढ़ेगा और एक प्रतिस्पर्धी मानसिकता का विकास होने में मदद मिलेगी। ओलंपियाड परीक्षा का संचालन भावना मित्तल ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने काटा ऑनलाइन चालान

बिक्रमगंज (रोहतास) रोहतास एसपी के दिशा-निर्देश पर बिक्रमगंज पुलिस ने थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र के थाना गेट , थाना चौक और आरा रोड में पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को वाहन चालकों से साढ़े 72 हजार रुपये और गुरुवार को 45 हजार रुपये यानी कुल मिलाकर एक लाख 17 हजार पांच सौ रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया । श्री कुमार ने कहा कि वाहन जांच अभियान निरंतर चलता रहेगा। जांच के क्रम में पदाधिकारियों ने चालकों का हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस,ऑनर बुक, ट्रिपल लोडिंग , डिक्की सहित अन्य बिंदुओं पर सघन जांच हुई। मौके पर स्थानीय थाना के वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान लोग मौजूद थे।

### कुर्की वारंटी के छह आरोपी गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) पुलिस ने 6 कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी देते हुए दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बराढ़ी कला से राजेश मुसहर , मुन्ना मुसहर, ढोंढा मुसहर, राम अशीष मुसहर, दीनानाथ मुसहर एवं जय भगवान मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था।

### आयोजित मैट्रिक परीक्षा में विद्युत आपूर्ति नहीं होगी बाधित

बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र स्थित नारायणपुर ग्रिड में 132 केवी मेन बसबार मरम्मति का कार्य करने के कारण ग्रिड फीडर क्षेत्र अंतर्गत बिक्रमगंज, तरारी, सूर्यपुरा,नटवार, संझौली, दावथ, नोनहर, कोआथ, सकला क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 16 फरवरी को सुबह 11 से 14 बजे तक बन्द रखने हेतु समय निर्धारित की गई थी। परंतु आयोजित मैट्रिक परीक्षा को देखते हुए 16 फरवरी को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति होती रहेगी। इस संबंध में सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल उपेंद्र सिंह ने बताया गया कि शीतकालीन मरम्मती का कार्य अगले आदेश तक विस्तारित रहेगा।

### मां सरस्वती पूजन पर भंडारे का हुआ आयोजन



चेनारी (रोहतास) नगर पंचायत के स्थानीय दक्षिण मोहल्ला में युवा नवयुवक कमेटी संघ के द्वारा मां सरस्वती पूजन पर भंडारे का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर मां की प्रतिमा को स्थापित कर हिंदू पूजन के विधि विधान लोगों ने पूजन के साथ आरती किया। उक्त अवसर पर प्रसाद वितरण को लेकर विशाल भंडारे में हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जहां दूर दराज से भरी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कमिटी सदस्य शिवकुमार, मंतोष कुमार, मोती कुमार, यशवंत कुमार, अरविंद कुमार ,श्रीभगवान गुप्ता सहित अन्य लोगों भाग लेते हुए भंडारे को सफल बनाने अपना सहयोग दिया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत

आरा। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सियाडीह गांव के समीप गुरुवार की अहले सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा-तफरी मची रही। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना चरपोखरी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चरपोखरी थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है।

### सड़क हादसे में अज्ञात युवक की मौत

आरा। आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के कोईलवर क्षेत्र के कोईलवर न्यू सिक्सलेन पुल पर गुरुवार की सुबह हुए सड़क हादसे में एक अज्ञात 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। इसके बाद वहां से गुजर रहा है राहगीरों द्वारा इसकी सूचना कोईलवर थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है।

# यंग - इंडिया का होगा रैली, 28 फरवरी को दिल्ली चलो : आइसा - आरवाईए

## 18-19 फरवरी को रोजगार के सवाल पर आरवाईए करेगा यंग इंडिया जनमत संग्रह : शिवप्रकाश रंजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भाकापा माले जिला कार्यालय मे आइसा-आरवाइए ने प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित की , प्रेस कॉन्फ्रेस को आरवाइए के राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन,आइसा के राज्य सचिव सबीर कुमार, जिला सचिव विकाश कुमार,आरवाइए के जिला अध्यक्ष निरंजन केसरी,विशाल कुमारा,जयशंकर,रौशन कुशवाहा,आरवाइए मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता ने सम्बोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के नेताओं ने कहा कि पिछले दस साल के मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है।

नौकरियों के 30 लाख से ज्यादा खाली पदों को दस साल में नहीं भरा गया और ऊपर से पहले से मौजूद पदों को खत्म भी किया गया। भारतीय रेलवे में 3 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन मोदी सरकार की इसे भरने में कोई रूचि नहीं है। रेलवे को नीलामी के बाजार में रख दिया गया है। ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है। 100 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का शेयर बेच दिया गया जिससे नौजवानों की नौकरियां तो प्रभावित हुई ही साथ ही साथ देश की आमदनी भी प्रभावित हुई। सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया।

जिन नौजवानों के हाथ को काम चाहिए उनके हाथ में तलवार थमा कर मुसलमानों का मोहल्ला दिखा दिया जा रहा है। रोजगार चाहने वाले हाथ में नफरत परोसा जा रहा है और इस दौर को अमृत काल बताया जा रहा है। ऐसे समय में नौजवानों की यह जिम्मेदारी है की वो इस तबाही बबार्दी के खिलाफ बहादुरी से खड़े हों।

इसलिए इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) रोजगार की स्थिति पर 'यंग इंडिया जनमत संग्रह' करेगी। यह 18-19 फरवरी को जिले के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले नौजवानों, शिक्षित बेरोजगारों के बीच चलाया जाएगा। नेताओं ने आगे बताया तमाम प्रगतिशील छात्र- युवा संगठनों एवम् आंदोलनों का संयुक्त मंच यंग इंडिया द्वारा आगामी 28 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर '2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय करेगा यंग इंडिया' के नारे के साथ 'चलो दिल्ली-यंग इंडिया रैली' का आह्वान किया गया है यह आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा-आरएसएस के नफरती एजेंडे के खिलाफ शिक्षा-रोजगार को केंद्रीय मुख्य मुद्दा बनाने का एक साझा प्रयास है।

सभी समान विचारधारा वाले प्रगतिशील, जनवादी संगठनों एवं छात्र-नौजवानों से इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। युवा नेताओं ने इस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन पर हरियाणा और दिल्ली पुलिस द्वारा ड्रोन के जरिए आंसू बम बरसाए जाने, रबर बुलेट से हमले एवं उनके रास्तों में किले और कंक्रीट की दीवार खड़ा कर देने की घटना की तीव्र निंदा करते हुए किसान आंदोलन को अपना समर्थन दिया है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बाजारों में सरगर्मी तेज

बिक्रमगंज (रोहतास) चुनाव के तारीख निश्चय होने के साथ हीं अधिकारी से लेकर राजनीतिक दलों के कार्यकताओं में चुनाव की तैयारी को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। राजनीतिक दल भी बूथ कमेटी बनाने, पंचायत और प्रखंड कमेटी बनाना चालू कर दिए है। मतदाता को लुभाने के लिए आने को ऐसे जन कल्याण योजनाओं का घोषणा चालू है। सभी राजनीतिक दल के लोग अपना अपना ताल ठोकना चालू कर दिया है। गुणा गणित करके अपने को जीत हासिल करने की भविष्यवाणी चालू कर दिए है। अपने समर्थक उम्मीदवार का जीत सुनिश्चित करने में लोग लग गए हैं। चाय की दुकान हो या पान की दुकान या नाश्ता पानी की दुकान या एक काहे की हर चौक चौराहे पर राजनीतिक चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। सभी लोग अपने पक्ष में वक्तव्य देना चालू कर दिए हैं। वहीं नेता जो जीत करके भी कुछ नहीं करते हैं, उनके चमचा अपने उम्मीदवार के पक्ष में वकालत चालू कर दिए हैं। वादों का पिटारा खोलने चालू है, जितने भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता है। लोगों को संदेश दे रहे हैं कि हमारा नेता जीतेंगे तो आपका काम निश्चित होगा। जो कभी किसी को पूछते नहीं थे, आम जनता के दुःख दर्द को समझने का फुर्सत नहीं था। वह भी आज उनसे समर्थन लेने के लिए झूठ पर झूठ बोलते जा रहे हैं। सबका काम चुटकी पर कर देने की वादा कर रहे हैं।

# वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय में अखंड पाठ के साथ सरस्वती पूजन हुई संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में स्थापित भव्य मां सरस्वती मंदिर में 24 घंटे श्री रामचरितमानस अखंड पाठ व हवन पूजन के साथ बसंत पंचमी व मां सरस्वती पूजन संपन्न हुई। जो लगातार आठवीं बार महाविद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती पूजन तहत श्री रामचरित मानस अखंड पाठ आयोजित हुई। पूजन में भव्य मां सरस्वती मंदिर परिसर में दर्जनों पुजारियों के सानिध्य में 24 घंटे का श्री रामचरित मानस अखंड पाठ हवन पूजन और झंडा पूजा के साथ संपन्न हुई। इस मौके पर मंदिर पिरसर में महाविद्यालय के समस्त कर्मियों ने भव्य आरती में भाग लेते हुए मां सरस्वती के समक्ष क्षमा याचना करते हुए वंदन किया। दूसरी तरफ मां के प्रसाद वितरण में श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस पूजन में भाग लेते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा सहित महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व ज्ञान की देवी सरस्वती को समर्पित है।

जो हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार सरस्वती देवी कला बुद्धि और ज्ञान के निरंतर प्रवाह का प्रतीक भी है। इस पर्व को बच्चों सहित स्कूलों,दफ्तरों,संगीत और साहित्य की साधना करने वाले साधक भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। माना जाता है इस दिन वीणावादिनी,हंस पर विराजमान माता सरस्वती मनुष्य के जीवन में छाई अज्ञानता को मिटाकर उन्हें ज्ञान और बुद्धि का उपहार देकर उनका कल्याण करती है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर - वीर बहादुर सिंह, उमा शंकर सिंह, बलवंत सिंह, ज्ञान प्रकाश सिन्हा,विष्णु शंकर दुबे, कुमार विवेक, दिनेश पाठक,अनिल सिंह,अजय सिंह,सरोज सिंह, सुनील तिवारी, दिनेश कुमार, रवि प्रकाश,अजय मिश्रा व वर्षा सिंह, प्रतिभा कुमारी,राम कुमार, शशि प्रसाद, रंजित कुमार, अजय मिश्रा,अखिलेश पाठक, अभय कुमार सिंह, हरेंद्र हरियाली, रामकुमार मिश्र, प्रियतम कुमार,परवेज खां सहित समस्त महाविद्यालय कर्मी उपस्थित थें।

# कड़ी सुरक्षा के बीच बिक्रमगंज में प्रारंभ हुई मैट्रिक की परीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिक्रमगंज में गुरुवार से मैट्रिक की परीक्षा शुरू हो रही है। प्रशासन के द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के उद्देश्य से कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसके साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सभी परीक्षा केंद्रों, दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे भी लगा दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लगा दी गई है। सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से पहले निर्धारित समय 9:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर गए । इसके बाद किसी भी कीमत पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि किसी भी परीक्षा केंद्र पर देर होने के कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा से वंचित होने की कोई सूचना नहीं है। गुरुवार 15 फरवरी से प्रारंभ यह परीक्षा 23 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा का आयोजन दोनों पालियों में किया गया है। परीक्षार्थियों को जूता मौजा पहनकर परीक्षा केंद्र में जाने की इजाजत है, लेकिन किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को लेकर जाने पर पूरी तरह से रोक रही। परीक्षा केंद्र वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय के केन्द्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस बार इंटर की परीक्षा में देर से आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं करने दिया गया था। इस कारण कई परीक्षा केंद्रों पर हंगामा भी हुआ था। इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मैट्रिक परीक्षा 2024 के लिए अनुमंडल मुख्यालय बिक्रमगंज में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें एक मॉडल परीक्षा केंद्र भी बनाए गए हैं। इनको आकर्षक ढंग से सजाया गया है और परीक्षार्थियों को मुंह मीठा करा कर परीक्षा केंद्र में अंदर भेजा गया । रोहतास जिला में मैट्रिक परीक्षा 2024 में 56375 परीक्षार्थी शामिल हुए।

प्रथम पाली में 28523 वहीं दूसरी पाली में 27852 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में नकल पर नकेल के लिए 62 स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ 12 उड़न दस्ता टीम और 15 मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात किए गए थे। पहले दिन सभी परीक्षा केंद्रों पर शांति पूर्वक परीक्षा संपन्न हुई।

# ग्रामीण चिकित्सक का शव मिलने से मची अफरा-तफरी

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करबंदिया के पास एक ग्रामीण चिकित्सक का शव बरामद हुआ है।

मृतक केशव पाल राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता भी था। स्थानीय लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक का नाम केशव कुमार पाल था, जो गायघाट गांव का निवासी था। बताया जाता है कि कल शाम हुआ। जो अपने क्लीनिक को बंद कर जब अपने घर गायघाट की तरफ बाइक से लौट रहे थे। इस दौरान की यह घटना बताई जाती है। लेकिन गुरुवार की सुबह-सुबह लोगों के द्वारा शव को बरामद किया। जिस घटना के बाद से ही कोहराम मच गया है। स्थानीय लोगों ने मृतक के शव को अमरा तालाब के निकट सड़क पर रखकर सासाराम से डेहरी जाने वाले सड़क को जाम कर दिया है। सूचना मिलने पर सासाराम के एसडीएम आशुतोष रंजन तथा स्थानीय पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची है। तथा लोगों को समझाने बुझाने की मांग कर रही है। जिसे लोग हत्या मामले की त्वरित जांच करने की मांग कर रहे हैं। बता दे की ग्रामीण चिकित्सक केशव कुमार पाल राजद के भी कार्यकर्ता थे तथा राष्ट्रीय जनता दल से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे।

### विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में सरस्वती पूजा के पंडाल में किया दर्शन



आरा। बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने गांव में धमार देवी मां के दर्शन किए पूजा पाठ किया और सरस्वती पूजा पंडाल में जाकर पूजा अर्चना करते करते हुए बड़ा हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह मैं क्षेत्र के खुशहाली के लिए मां शेयर्ड से प्रार्थना किया और मां हमर दिल से आराधना किया इस क्षेत्र हमेशा खुशहाल रहे और सभी लोग स्वस्थ और निरोग रहे वहां पर उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष दुगार्राज जी भाजपा सलेमपुर मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी एवं धमार गांव के प्रिंस यादव सोनू यादव नीतीश यादव नरेंद्र यादव मंतोष यादव सुनील यादव दीपक यादव प्रकाश यादव जय किशोर शर्मा राहुल यादव सभी लोगों ने बड़हरा विधायक को सम्मानित किया और प्रसाद वितरण किया।

# सर्वानंद सोनोवाल संयुक्त रूप से करेंगे शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह स्थानीय सांसद आर के सिंह और केन्द्रीय पतन,पोत,परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सवार्नंद सोनोवाल 20 फरवरी मंगलवार को भोजपुर जिला मे तीन रिवर स्टेशन (कम्यूनिटी जेटी) सहित आधुनिक पीपा पुल और रिवर फ्रंट का शुभारंभ करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ई.धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को केन्द्रीय जलमार्ग मंत्री सवार्नंद सोनोवाल और केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह द्वारा बड़हरा विधानसभा के महुली घाट पर 3:00 बजे सायं को महुली घाट,ख्वासपुर और सिन्हा घाट के लिए भोजपुर जिला के लिए पहली बार रिवर स्टेशन (कम्यूनिटी जेटी) सहित महुली घाट से ख्वासपुर को जोड़ने वाली आधुनिक पीपा पुल सहित रिवर फ्रंट का शिलान्यास करेंगे। राष्ट्रीय जलमार्ग हल्दिया-वाराणसी पर यह भोजपुर जिला के लिए तीन कम्यूनिटी जेटी का निर्माण सौभाग्य की बात है इससे जलमार्ग द्वारा बंगाल से उतरप्रदेश तक यात्रा, माल-ढुलाई सुलभता से किया जा सकता है,जिससे जिले का आर्थिक व्यवस्था और रोजगार सुदृढ़ होगा। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि 20 फरवरी को ही आरा से छतीसगढ़ को जोड़ने वाली ट्रेन जो आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस के नाम से जानी जाएगी का लोकार्पण केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह स्थानीय सांसद आर के सिंह द्वारा सायं:5:30 बजे किया जाएगा। उक्त दोनो महत्वपूर्ण कार्यक्रमो के दौरान महुली घाट और आरा स्टेशन पर केन्द्रीय मंत्री द्वारा जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा। जनसभा मे भोजपुर जिला के नागरिक आमंत्रित है।

# सरस्वती पूजा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। शहर में बुधवार को धूमधाम से बसंत पंचमी के साथ ही सरस्वती पूजा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भक्ति विद्या के देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्चना कर रहे हैं आरा शहर के गायत्री चौक विष्णु नगर में मां गायत्री युवा क्लब के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है इस दौरान क्लब की सदस्यों में काफी उत्साह देखने को मिला मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर सरस्वती पूजा मनाने वाले मां गायत्री युवा क्लब के अध्यक्ष निखिल राय ने बताया कि हम लोग सालों से माता सरस्वती की पूजा अर्चना करती आ रहे हैं और इस साल भी माता के प्रतिभा को स्थापित कर पूजा अर्चना कर रहे हैं हमने माता को अच्छे से सजाया है और बड़े ही हर्ष के साथ पूजा कर रहे हैं, साथ ही सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। वही माता की भक्ति वी मां गायत्री युवा क्लब के अध्यक्ष उपाध्यक्ष बिट्टू राय ने बताया कि हम माता से यही आशीर्वाद चाहते हैं की माता हमें ज्ञान बुद्धि विद्या दे ताकि हम हर वर्ष उनकी पूजा अर्चना इसी तरह करते रहें हमारे युवा ब्रिगेड में सरस्वती पूजा को लेकर काफी जोश है जहां हम सभी एकत्रित होकर हर वर्ष मां सरस्वती की प्रतिभा स्थापित कर पूजा अर्चना करते हैं और माता से विद्या बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान मौके पर अध्यक्ष निखिल कुमार राय उपाध्यक्ष बिट्टू कुमार सहयोगी राजीव रंजन राय सदस्य में रोहित मोहित आकाश उत्तम राकेश गोलू हरिओम हर्ष सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भोजपुर में अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत मतवनिया गांव स्थित बहरदरा रेल पुल के समीप बनास नदी से मंगलवार की रात एक अज्ञात 42 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से लोगो के इलाके में अफरा-तफरी का आलम रहा। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना गजराजगंज ओपी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत पानी में डूबने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। वही खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### आरा में पैसे के विवाद को लेकर मारपीट के दौरान महिला जख्मी

आरा। भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में गुरुवार की सुबह पैसे के विवाद को लेकर हुए मारपीट के दौरान एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी सत्यदेव उपाध्याय की 40 वर्षीया पत्नी मंजू देवी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंजू देवी की शादी 20 वर्ष पूर्व हुई थी और और उसका पति सत्यदेव उपाध्याय मणिपुर के इंफाल में व्यापार करता है। जिसके कारण वह दोनों वहीं रहते हैं। छह माह पूर्व जख्मी महिला का भतीजा बली उसके मायके भागलपुर गया था। जहां उसका एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद वह वापस गांव चला आया था जहां उसका इलाज कराया गया। इसके बाद मंजू देवी वापस इंफाल चली गई।

# भोजपुर में दो ट्रक,एक स्कॉर्पियो एवं एक कार की आपसी भिड़ंत में आधा दर्जन लोग जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव के समीप फोरलेन पर कोहरा होने के कारण दो ट्रक,एक स्कॉर्पियो एवं एक कार की आपसी भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि कार पर सवार अन्य लोग भी मामूली रूप से जख्मी हो गए। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी रही। देखते ही देखते आसपास के गांव वाले भारी संख्या में वहां जुट गए। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही बिहिया थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ फॉरेन घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से चालक को कार के अगले हिस्से को काट कर बाहर निकल गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी लाया गया। जबकि कार पर सवार अन्य लोगों का इलाज स्थानीय स्तर से कराया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भोजपुर में करीब तीन दिनों से मौसम काफी खराब चल रही और गुरुवार की अहले सुबह अत्यधिक कोहरा भी था। अत्यधिक कोहरा होने के कारण अमराई नवादा गांव के समीप फोरलेन पर दो ट्रक,एक स्कॉर्पियो एवं एक कार में आपसी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि दो ट्रक एवं स्कॉर्पियो के के बीच रहे कार के पचखड़े उड़ गए। जबकि दो ट्रक एवं स्कॉर्पियो भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा कार चालक का पैर स्टेरिंग में फस गया। जिसके बाद कार के अगले हिस्से को काटकर उसे बाहर निकल गया। इसके बाद जख्मी चालक का इलाज बिहिया पीएचसी लाया गया। वही कार पर सवार अन्य लोगों का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया जा रहा है।

# राहुल व तेजस्वी के आगमन को लेकर डीएम व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

दुर्गावती। स्थानीय प्रखंड के धनेछा इंटरस्तरीय विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का आगमन हो रहा है । जिसको लेकर जिलाधिकारी सावन कुमार व पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के द्वारा स्थल का जायजा लिया गया। बता दे की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर शुक्रवार को कैमूर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का आगमन हो रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। दुर्गावती के धनेछा इंटरस्तरीय विद्यालय में राहुल गांधी व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हजारों की संख्या में मौजूद जनसभा को संबोधित करेंगे।वहीं कोई कमी न रह जाए जिसको लेकर रामगढ़ विधानसभा के राजद विधायक सुधाकर सिंह के द्वारा भी स्थल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# किसानों ने 45 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना रखा जारी

प्रात : किरण संवाददाता



चांद। उचित मुआवजा को लेकर पिछले 45 दिन से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसानों की सुध नहीं लेने पर किसान संगठनों ने एकता चौक भभुआ में चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। भारत माला परियोजना में बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में अधिग्रहण की गई भूमि की उचित मुआवजा के लिए किसान 2 जनवरी 2024 से ऐतिहासिक 20 किमी लंबी पदयात्रा के बाद पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बेस कैंप स्थल मसोई पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कैमूर जिले में एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए टेंडर मिला हुआ है। बेस कैंप स्थल मसोई पर किसान पीएनसी कम्पनी के निर्माण कार्य का किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना है भूमि अधिग्रहण में किसानों को बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा नहीं मिल जाता है। बिना उचित मुआवजा की घोषणा किए बेस कैंप का निर्माण अनैतिक है। इसी को लेकर किसान पिछले 45 दिन से लगातार ठंडक एवं बरसात से तकलीफ होने के वावजूद अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। वृहस्पतिवार को कैम्प स्थल मसोई में दर्जनों किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। मसोई मोरवा दुलहरा आदि गांवों के सैकड़ों किसान धरना पर बैठे रहे। धरना पर बैठे किसान अवधेश कुमार सिंह श्याम सुन्दर सिंह भुपेंद्र सिंह अरविंद सिंह ने कहा उचित मुआवजा जंगली जानवरों एवं एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर किसान संगठनों के समर्थन में शुक्रवार को भभुआ एकता चौक पर जाम किया जाएगा। किसानों ने कहा सरकार का ध्यान खिंचने के लिए भारतीय किसान यूनियन कैमूर एवं किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के द्वारा साढ़े ग्यारह बजे एकता चौक पर जाम किया जाएगा। किसानों ने कहा जाम से परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए किसी तरह की असुविधा नहीं हो ध्यान रखा जाएगा।

# भोजपुर में ठनका गिरने से किशोरी की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव स्थित खेत में ठनका गिरने से किशोरी की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत किशोरी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव निवासी तपेश्वर पांडेय की 13 वर्षीया पुत्री रिया कुमारी है एवं वह सातवीं कक्षा की छात्रा थी। इधर मृत किशोरी के चाचा सत्यम पांडेय ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन गांव के सभी लोग गांव में ही स्थित खुटहा बाबा के मंदिर में पूजा करने के लिए जाते है। बुधवार की शाम वह भी अकेले घर खुटहा बाबा मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। लौट के क्रम में बारिश शुरू होने लगी और बिजली कड़कने लगा। उसी दौरान जब वह खेत से होकर घर आ रही थी। तभी ठनका उसे पर गिर पड़ा। लेकिन जब घर वह काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजनों ने गांव एवं आसपास के लोगों के घरों में उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसके बाद परिजन जब खुटहा बाबा के मंदिर की ओर गए। तभी वहां मौजूद एक चरवाहे ने बोला कि वह खेत की ओर उसे शाम में मैंने जाते देखा था और उसमें बिजली भी कड़क रही थी। उसी के कहने पर जब परिजन खुटहा बाबा मंदिर के समीप खेत में खोजने गए तो उन्होंने देखा कि वह घायल अवस्था अधमड़ा में पड़ी है। इसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे इलाज के लिए आरा अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पद स्थापित पुलिस पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत किशोरी अपने तीन बहन व एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां गुड़िया देवी व दो बहन सलोनी,छोटी एवं एक भाई नीरज कुमार हैम घटना के बाद मृत किशोरी के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत किशोरी की मां गुड़िया देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# भक्षक की सफलता से भावुक हुईं भूमि पेडनेकर

**भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज भक्षक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म 9 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी, फिल्म को दर्शकों के प्यार के साथ-साथ समीक्षकों की भी सराहना मिल रही है। भक्षक में भूमि ने अपनी किरदार और दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल ही में भूमि ने इस फिल्म को दर्शकों से मिल रहे प्यार और प्रशंसा पर खुलकर बात की।**

भक्षक में भूमि ने क्राइम इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टर का किरदार निभाया है, जो लड़कियों की तस्करी करने वाले गिरोह से मुकाबला करती है। फिल्म की सफलता और अपनी भूमिका को मिल रही तारीफ पर भूमि ने कहा, एक अभिनेत्री के तौर पर फिल्म इंडस्ट्री में मीडिया और दर्शकों से प्रशंसा मिलना सबसे ज्यादा खुशी की बात होती है। मैं अपने काम को लेकर बहुत भावुक हूं। मेरी हर फिल्म के लिए मेरे दिल में एक खास जगह है। लेकिन भक्षक अपनी कहानी के कारण इनमें टॉप पर है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि मैं एक ऐसी महिला की भूमिका निभा रही हूं जो बदलाव लाने की कोशिश में है। भूमि ने आगे कहा, भारतीय सिनेमा में ऐसा बहुत कम होता है, क्योंकि ऐसी बहुत कम फिल्में होती हैं, जो किसी महिला को बदलाव की नेता और समाज बेहतर बनाने वाली भूमिका निभाने का अधिकार देती हैं। मैंने हमेशा उन महिला भूमिकाओं को निभाने में विश्वास किया है, जो शक्तिशाली हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान देती हो। ऐसी भूमिक जो महिलाओं को अन्याय, पितृसत्ता के खिलाफ खड़े होने के लिए मजबूत बनाती है। हाल ही में भूमि ने एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की शूटिंग से पहले का एक किस्सा भी शेयर किया था, भूमि ने कहा था, जब मैंने भक्षक की शूटिंग शुरू की थी, तब निर्देशक पुलकित ने मुझसे कहा था, देखना ये कहानी लोगों को कभी छोड़ नहीं पाएगी। इस फिल्म की शूटिंग ऐसे कई पलों से भरी थी, जो मुझे आज भी अभिभूत कर देती हैं।



# साउथ के इन दिग्गज निर्देशकों की मूवी में नजर आएंगी मृणाल

मृणाल ठाकुर इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में से एक है। बीते कुछ समय में वे एक के बाद एक कई सफल फिल्मों में नजर आईं। अपने अभिनय और दमदार भूमिका से मृणाल ने एक अलग पहचान बनाने में सफलता हासिल की है। टीवी की दुनिया से निकलकर मृणाल बड़े पर्दे पर नजर आईं और दर्शकों के दिल में खास जगह बना ली। कई सफल हिंदी फिल्मों में काम करने के बाद अभिनेत्री अब साउथ इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में जुटी हुई हैं। इस बीच चर्चा है कि मृणाल ने तमिल के दो दिग्गज निर्देशकों की फिल्मों को साइन किया है। हाल ही मृणाल तेलुगु फिल्म हाय नन्ना में नजर आईं थी। फिल्म में अपनी भूमिका के लिए मृणाल की खूब सराहना हुई थी। रिपोर्ट्स की माने तो अब मृणाल एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म में वे शिवकार्तिकेयन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस फुल ऑन एंटरटेनमेंट फिल्म का नाम एसके 23 है।

इसके अलावा सिम्बु जिन्हें एसटीआर के नाम से भी जाना जाता है। उनकी 48वीं फिल्म में भी मृणाल रोमांस करती नजर आएंगी। इस फिल्म को देशसिंह पेरियासामी निर्देशित करेंगे। वहीं, कमल हासन इस फिल्म से निर्माता के तौर पर जुड़े हुए हैं। इन दोनों फिल्म में मृणाल के काम करने की चर्चा ने साउथ में उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल, मृणाल विजय देवरकोंडा के साथ अपनी अपकमिंग तेलुगु फिल्म फैमिली स्टार की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन परशुराम पेटला कर रहे हैं, जो 5 अप्रैल, 2024 को तेलुगु, तमिल और हिंदी में भाषा में रिलीज होगी। इसके अलावा अभिनेत्री नवजोत गुलाटी की पूजा मेरी जान में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका में हैं।



# वादीवासल में धनुष ने किया सूर्या को रिप्लेस

वेट्री मारन की गिनती तमिल सिनेमा के सबसे सफल निर्देशकों में होती है। उन्हें अलग तरह के विषयों पर फिल्म बनाने के लिए जाना जाता है। फिल्म निर्माण की अनूठी शैली की वजह से उनके प्रोजेक्ट्स को पूरा होने में लंबा समय लगता है। सुपरस्टार सूर्या के साथ वेट्री मारन की एक फिल्म की आधिकारिक घोषणा तीन साल पहले की गई थी। मेकर्स ने इस फिल्म का नाम वादीवासल रखा था। आधिकारिक घोषणा के तीन साल बाद भी यह फिल्म शुरू नहीं हो सकी है। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में हो रही देरी से नाखुश सूर्या ने इस प्रोजेक्ट से खुद को अलग करने का फैसला कर लिया है। दावे के मुताबिक वेट्री मारन को अपनी पूर्व प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में अधिक समय लग रहा है और इसी को लेकर सूर्या ने इस फिल्म से किनारा करने का फैसला किया है। अब कहा जा रहा है कि वाडिवासल में धनुष के मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं। वेट्री मारन और धनुष के बीच काफी अच्छे संबंध हैं और दोनों ने साथ में तीन फिल्मों में काम भी किया है। यही वजह है कि अभिनेता के इस फिल्म में काम करने के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, वादीवासल के बारे में एक एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया है कि यह महज एक चर्चा है और वेट्री मारन सही समय आने पर सूर्या के साथ इस फिल्म को शुरू करेंगे। सूर्या ने वादीवासल में अपने किरदार के लिए काफी मेहनत की है। इस फिल्म के लिए अभिनेता ने एक बैल के साथ प्रशिक्षण लिया है, क्योंकि फिल्म जल्लीकट्टू पृष्ठभूमि पर आधारित है। आधिकारिक लॉन्च के अलावा वादीवासल के निर्माताओं ने अब तक फिल्म की केवल एक झलक ही पेश की है। कई महीनों से फिल्म के बारे में कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है।

# नाडियाडवाला की मेगा बजट फिल्म में नजर आएंगे सलमान!



सुपरस्टार सलमान खान को पर्दे पर एक्शन करते देखना दर्शकों के लिए पैसा वसूल होता है। बीते दो दशक में सलमान ने एक से बढ़कर एक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। साल 2023 में टाइगर 3 में सलमान खान के एक्शन फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। इसी बीच सलमान के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। चर्चा है कि बॉलीवुड के दबंग साजिद नाडियाडवाला की मेगा बजट एक्शन फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसका निर्देशन साउथ के दिग्गज निर्देशक एआर मुरुगादॉस करेंगे।

## 2025 में ईद पर रिलीज की योजना


मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म को साल 2025 में ईद के मौके पर रिलीज करने की योजना है। कहा जा रहा है कि फिल्म को लेकर जब साजिद नाडियाडवाला ने निर्देशक एआर मुरुगादॉस से चर्चा की तो उनके दिमाग में सबसे पहला नाम सलमान खान का आया। इसके बाद साजिद सलमान के पास पहुंचे और फिल्म के बारे में बताया। सलमान इस फिल्म को करने के लिए तैयार हो गए। रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म साजिद नाडियाडवाला की महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है, जिसकी शूटिंग भारत के अलावा पुर्तगाल और अन्य यूरोपीय देशों में 2024 के आखिर तक पूरी कर ली जाएगी। हालांकि अभी तक इस फिल्म का नाम नहीं तय किया गया है।



# लाहौर 1947 में प्रीति-सनी के साथ यह भूमिका निभाएंगी शबाना आजमी

हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी लाहौर 1947 का हिस्सा बन चुकी हैं। फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी की आने वाली फिल्म में अभिनेत्री अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं अब शबाना के किरदार के बारे में भी खुलासा हो चुका है। दरअसल, हाल ही में दिए साक्षात्कार में राजकुमार संतोषी ने शबाना आजमी की भूमिका के बारे में बात की है। राजकुमार संतोषी ने शबाना आजमी की भूमिका के बारे में बात करते हुए कहा, शबाना आजमी ने अपने जीवन में कई तरह के किरदार निभाए हैं। वे बेहद प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं और लाहौर 1947 में उनका किरदार फिल्म में एक केंद्रीय किरदार है और कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। हाल ही में राजकुमार संतोषी ने प्रीति को फिल्म की टीम में शामिल करने पर अपना उत्साह व्यक्त किया था।

वहीं बात करें फिल्म की तो लाहौर 1947 का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है। इस फिल्म में आमिर खान के साथ सनी देओल, राजकुमार संतोषी भी साथ काम कर रहे हैं।





# सिनेमा की सच्चाई से परदा उठाने की करण जौहर की कोशिश

नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज सीरीज बार्ड ऑफ ब्लड के बाद अभिनय करने के बाद अभिनेता इमरान हाशमी डिज्नी प्लस हॉटस्टार और धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट की बहुप्रतीक्षित सीरीज शोटाइम में नजर आएंगे। मंगलवार की शाम इस सीरीज के ट्रेलर लॉन्च के दौरान कार्यक्रम के एंकर के बाद करण जौहर ने कार्यक्रम मेजबानी संभाली और इस सीरीज में काम करने वाले सभी कलाकारों से अपने अंदाज में बात की। करण जौहर ने जब इमरान हाशमी से पूछा कि वह फिटनेस की प्रेरणा के लिए किस बॉलीवुड सेलिब्रिटी के पास जाएंगे। इस सवाल के जवाब में अभिनेता इमरान हाशमी ने सलमान खान का नाम लिया। अभिनेता इमरान हाशमी बॉलीवुड के दबंग सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में काम कर चुके हैं। इस फिल्म में इमरान हाशमी ने आतिश रहमान का किरदार निभाया है। व्यावसायिक रूप से यह फिल्म भले ही सफल नहीं रही, लेकिन फिल्म में इमरान हाशमी के किरदार को काफी पसंद किया गया। फिटनेस के सवाल पर तो ट्रेलर लॉन्च के दौरान सलमान खान का नाम आया लेकिन, जब करण जौहर ने इमरान हाशमी से जब अगला सवाल किया तो इमरान हाशमी ने जो जवाब दिया उस जवाब की उम्मीद करण जौहर को नहीं थी। करण जौहर ने इमरान से अगला सवाल पूछा कि अभिनय के टिप्स लेने किसके पास जाएंगे। इस सवाल का जवाब इमरान हाशमी ने बड़े ही आत्मविश्वास के साथ दिया। इमरान हाशमी ने कहा, इसकी जरूरत मुझे नहीं है। जब करण जौहर ने निर्माता बनने के बारे में पूछा तो इमरान हाशमी ने बड़ी चतुराई से जवाब दिया। इमरान हाशमी ने करण जौहर से कहा, आप को छोड़कर कुछ निर्माता फिल्मों का निर्माण सिर्फ व्यापार समझकर करते हैं। वेब सीरीज शोटाइम के बारे में बातचीत करते हुए इमरान हाशमी ने कहा, पिछले दो दशकों से भी ज्यादा समय से इंडस्ट्री में काम करते हुए हो गया, मैंने कभी भी शोटाइम जैसी स्क्रिप्ट नहीं देखी। इस सीरीज की ऐसी कहानी है, जिसने मुझे कई स्तरों पर जोड़ा है। मैंने इंडस्ट्री में अपनी तरह का संघर्ष किया है लेकिन इस जगत में इनसाइडर-आउटसाइडर वाली चर्चित बहस को मैं समझता हूं। साथ ही यह इंडस्ट्री उन सभी लोगों के लिए है, जो जुनूनी और मेहनती हैं।

# करण के साथ किसी प्रोजेक्ट पर काम नहीं करना चाहतीं बिपाशा

करण सिंह ग्रोवर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म फाइटर को लेकर हर तरफ सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म में करण ने एक आईएएफ अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल की भूमिका निभाई है। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हाल ही में, अभिनेता ने खुलासा किया कि उनकी पत्नी बिपाशा उनके साथ काम करना नहीं चाहती है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने ऐसा क्यों कहा है। करण ने पिता बनने के बाद फिल्मों में काम करने के अनुभव का खुलासा किया और कहा, देवी के जन्म के पांच दिन बाद ही मुझे दूसरे शहर में फिल्म की शूटिंग के लिए जाना था। बिपाशा की हालत भी ठीक नहीं थी। ऐसे में दोनों को छोड़ना मेरे लिए काफी मुश्किल था, लेकिन उस समय मुझे बिपाशा का साथ मिला। करण ने इंटरव्यू में आगे खुलासा किया कि बिपाशा की सिजेरियन डिलीवरी हुई थी। ऐसे में मेरा उनके पास होना बहुत जरूरी था, लेकिन बिपाशा बहुत ही बहादुर हैं। उन्होंने सारी चीजें खुद ही मैनेज कर ली थी। वह ऐसी व्यक्ति हैं, जो हर चीज के लिए तैयार रहती हैं और हर चीज के बारे में सब कुछ जानती हैं। करण और बिपाशा ने 2015 में आई फिल्म अलोन में साथ काम किया था। यहीं से उनकी प्रेम कहानी शुरू हुई थीं। अलोन के बाद कपल ने फिर कभी स्क्रीन साझा नहीं की और साथ काम करने को लेकर करण ने कहा कि भविष्य में भी ऐसा होने की कोई संभावना नहीं है।






## संक्षिप्त समाचार

### संजय कुमार जैन ने आईआरसीटीसी के चेयरमैन और एमडी का कार्यभार संभाला, जनवरी 2021 से खाली था पद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के 1990 बैच के अधिकारी संजय कुमार जैन ने तत्काल प्रभाव से इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक का पदभार संभाल लिया है। आईआरसीटीसी ने एक्सचेंजों को सूचित किया कि यह नियुक्ति 1,80,000-3,20,000 रुपये के वेतनमान में तत्काल आधार पर की गई है। इसमें कहा गया है कि जैन 31 दिसंबर, 2026 को अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, पदभार संभालेंगे। आईआरसीटीसी के अध्यक्ष और एमडी का पूर्णकालिक प्रभार संभालने से पहले, जैन उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। गौरतलब है कि आईआरसीटीसी के चेयरमैन और एमडी का पद जनवरी 2021 से महेंद्र प्रताप माल के सेवानिवृत्त होने के बाद से खाली था।

### सोलर कंपनी ने किया मालामाल, 115 रुपये वाला शेयर पहले ही दिन



### 300 रुपये के पार


**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोलर कंपनी अल्पेक्स सोलर ने पहले ही दिन शेयर बाजार में धमाल मचा दिया है। अल्पेक्स सोलर के शेयर 186 पर्सेंट के फायदे के साथ 329 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। कंपनी के शेयरों ने पहले ही दिन निवेशकों का पैसा दोगुना से ज्यादा बढ़ा दिया है। आईपीओ में अल्पेक्स सोलर के शेयर 115 रुपये में निवेशकों को मिले थे। अल्पेक्स सोलर का आईपीओ 8 फरवरी 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और यह 12 फरवरी तक ओपन रहा। तगड़ी लिस्टिंग के बाद अल्पेक्स सोलर के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 345.45 रुपये पर पहुंच गए हैं। 115 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले अल्पेक्स सोलर के शेयर 200 पर्सेंट ऊपर पहुंच गए हैं। अल्पेक्स सोलर के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्स्ध प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। अल्पेक्स सोलर की शुरुआत अगस्त 1993 में हुई थी। कंपनी सोलर पैनल्स बनाती है। अल्पेक्स सोलर, मोनोक्रिस्टलाइन और पॉलीक्रिस्टलाइन सेल टेक्नोलॉजीज का इस्तेमाल करती है।

### 17 के शेयर ने दिया 4300 प्रतिशत का तूफानी रिटर्न, लगातार चढ़ रहा भाव, कंपनी के पास हैं कई ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** निवेश की दुनिया में स्मॉल-कैप स्टॉक अक्सर अस्थिरता के प्रतीक और अवसर के प्रतीक के रूप में खड़े होते हैं। अपने बड़े समकक्षों की तुलना में छोटे मार्केट कैप वाली ये कंपनियां कई बार निवेशकों को अपने रिटर्न से चौंका देती है। आज हम आपको जिस शेयर के बारे में बता रहे हैं उसने अपने निवेशकों को 5 साल से कम समय में ही तगड़ा रिटर्न दिया है। यह शेयर डायनाकन्स सिस्टम्स एंड सॉल्यूशंस का है। कंपनी के शेयर अप्रैल 2020 में 17.75 प्रति शेयर के भाव पर बिक रहे थे।

# पीएम सूर्य घर: मोदी की फेवरेट योजना के लिए एलन मस्क को पार्टनर की तलाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों रूफटॉप सोलर स्कीम का ऐलान किया है। इस नई स्कीम से 1 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली का फायदा मिलेगा। स्कीम पर सरकार 75,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश करेगी। इसका मकसद हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली की पेशकश करके एक करोड़ घरों को रोशन करना है। स्कीम के तहत सरकार लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे सब्सिडी डालेगी। मोदी सरकार की इस फेवरेट योजना के लिए अब अमेरिका की दिग्गज कार निर्माता कंपनी टेस्ला इंक पार्टनर की तलाश कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एलन मस्क की अगुवाई वाली टेस्ला ने सरकार को अपनी योजनाओं के बारे में पहले ही बता दिया था।





### सब्सिडी देने की गुजारिश

टेस्ला ने सरकार से सब्सिडी और बाकी अनुदान देने का अनुरोध भी किया है। टेस्ला इलेक्ट्रिक कार के अलावा सोलर पॉवर प्रोडक्शन और स्टोरेज के लिए कई लोकल बिजली प्रोडक्ट्स भी बनाती है। टेस्ला की भारत में यह स्कीम ऐसे समय में आई है जब अमेरिका में सोलर बिजनेस में गिरावट देखी जा रही है। इस दिसंबर तिमाही में एक साल पहले के 100 से 59 फीसदी गिरकर यह 41 रह गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह साल 2020 के बाद से सबसे खराब स्थिति है। इधर भारत सरकार की ओर से सोलर पॉवर सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए मदद की जा रही है।

### टेस्ला को क्यों है पार्टनर की तलाश

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले एक्सपर्ट्स कहा कहना है कि इस योजना में चुने गए पार्टनर की ओर से मैन्युफैक्चिरिंग और इंस्टॉलेशन का काम किया जाएगा। वहीं टेस्ला इंक की ओर से टेक्नोलॉजी ओर सेल्स एक्सपर्टीज में प्रोवाइड कराई जाएगी। बता दें कि रूफटॉप सोलर सेगमेंट में टाटा पॉवर सोलर, अडानी सोलर, सर्वोटेक पॉवर सिस्टम्स और वारी एनर्जी जैसी कुछ लोकल कंपनियां शामिल हैं। टेस्ला साल 2016 से रूफटॉप सोलर बिजनेस में है। टेस्ला की सोलर पैनल योजना ऐसे समय में आई है जब कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक कारों को देश में लाने के लिए भारत सरकार से भी बातचीत कर रही है। कंपनी ने अपने वाहनों के लिए कम आयात शुल्क दरों सहित कई रियायतें मांगी हैं।

## एनर्जी शेयर में फिर लौटी तूफानी तेजी, 32 रुपये से पहुंच गया 175 रुपये के पार, लगे कई बड़े दांव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगातार लुढ़कने के बाद एनर्जी कंपनी इरेडा के शेयरों में फिर तूफानी तेजी लौट आई है। कंपनी के शेयर लगातार दूसरे दिन अपर सर्किट पर हैं। इरेडा के शेयर गुरुवार को 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 176.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। इरेडा के शेयरों में यह तेजी ब्लॉक डील्स की खबर से आई है। कंपनी के शेयरों में कई ब्लॉक डील्स होने की खबर है। इरेडा के शेयर पिछले दिनों 215 रुपये के हाई लेवल पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 49.99 रुपये है। ब्लॉक डील्स में इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी (इरेडा) के करीब 2 करोड़ शेयरों के खरीदने-बिकने की खबर है। यह ट्रांजैक्शन 160 रुपये प्रति शेयर के दाम पर हुआ है और इसकी वैल्यू करीब 389.8 करोड़ रुपये है। हालांकि, अभी ट्रांजैक्शन में बायर्स और सेलर्स का पता नहीं लगा है। पिछले दिनों इरेडा के शेयरों में 6 दिन में 26 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली थी। कंपनी के शेयर 209.35 रुपये से लुढ़कर 170.25 रुपये पर पहुंच गए थे। इरेडा के शेयर इस साल 6 फरवरी को 215 रुपये के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गए थे।

इरेडा का आईपीओ 21 नवंबर 2023 को खुला था और यह 23 नवंबर तक ओपन रहा। कंपनी का आईपीओ 30 से 32 रुपये के प्राइस बैंड पर आया था। आईपीओ में कंपनी के शेयर 32 रुपये के दाम पर मिले थे। इरेडा के शेयर 29 नवंबर को 50 रुपये के दाम पर लिस्ट हुए थे। इरेडा के शेयर 15 फरवरी 2024 को 176.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। 32 रुपये के इश्यू प्राइस से इरेडा के शेयर 430 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। इरेडा का आईपीओ टोटल 38.80 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 7.73 गुना सब्सक्राइब हुआ।

## ईडी ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ; दस्तावेज लिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक के खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की भारतीय रिजर्व बैंक की हालिया कार्रवाई के बाद पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और उनसे दस्तावेज जमा करवाए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी आरबीआई द्वारा चिह्नित फिनटेक कंपनी में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा कराए हैं, जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए हैं। सूत्रों ने बताया कि कुछ और जानकारी मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार अब तक किसी अनियमितता का पता नहीं चला है और उक्त कानून के तहत किसी तरह का उल्लंघन पाए जाने पर ही फेमा के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि पेटीएम से जुड़े धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुछ समय से जांच चल रही है। पेटीएम ब्रांड के तहत वित्तीय सेवाएं देने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी बैंकिंग इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नोटिस जारी कर संबंधित इकाइयों के ग्राहकों के संबंध में जानकारी देने को कहा गया है। पेटीएम ने कहा कि उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट बैंक विदेश से धन प्रेषण का कारोबार नहीं करती है। उधर, पेटीएम ने एक नियामक फाइलिंग में कहा है कि वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल), उसकी सहायक कंपनियां और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को संबंधित संस्थाओं के साथ कारोबार करने वाले ग्राहकों के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सहित अधिकारियों से सूचना, दस्तावेज और स्पष्टीकरण के लिए समय-समय पर नोटिस और डिमांड प्राप्त होती रही है, और अधिकारियों को आवश्यक जानकारी, दस्तावेज और स्पष्टीकरण प्रदान किए गए हैं।

## पहली बार साथ आने की तैयारी में टाटा और रिलायंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर में बड़ा धमाका करने की तैयारी में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा प्ले में 29.8 फीसदी हिस्सेदारी खरीद सकती है। टाटा प्ले सब्सक्रिप्शन बेस्ड सैटेलाइट टीवी एंड वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस है। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस यह हिस्सेदारी वॉल्ट डिज्नी से खरीद सकती है। इससे रिलायंस टेलीविजन डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है। साथ ही इससे रिलायंस के ओटीटी प्लेटफॉर्म जियोसिनेमा की रीच में भी बढ़ोतरी होगी। इस बारे में टाटा प्ले ने ईटी ऑनलाइन के सवालों का जवाब नहीं दिया। टाटा प्ले में टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस की 50.2 फीसदी हिस्सेदारी है। सिंगापुर के फंड टीमेस्क की टाटा प्ले में 20 फीसदी हिस्सेदारी है।





पिछले साल अक्टूबर में ईटी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि टीमेस्क टाटा प्ले में अपनी हिस्सेदारी टाटा ग्रुप को बेचने के लिए बात कर रही है। लेकिन इस मामले में दोनों के बीच बातचीत आगे नहीं बढ़ पाई। अगर रिलायंस और टाटा प्ले के बीच डील फाइनल होती है तो यह टाटा ग्रुप और रिलायंस ग्रुप के बीच पहला वेंचर होगा। इससे रिलायंस के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियोसिनेमा को टाटा प्ले के कस्टमर्स तक पहुंच बनाने का मौका मिलेगा। डिज्नी ने टाटा प्ले के आईपीओ में अपने शेयर बेचने की योजना बनाई थी लेकिन लिस्टिंग टलने के बाद वह कंपनी से निकलने के दूसरे रास्ते खोज रही है। सूत्रों का कहना है कि अगर डील होती है तो रिलायंस अपने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियोसिनेमा का पूरा कंटेट कैटालॉग टाटा प्ले के ग्राहकों को ऑफर करना चाहता है।

### किसे होगा फायदा

एनालिस्ट करण तौरानी ने ईटी ऑनलाइन से कहा कि अगर यह डील होती है तो यह रिलायंस के लिए अच्छी बात है। उसकी हैथवे और डेन के जरिए मल्टीपल सिस्टम ऑपरेटर में मौजूदगी है लेकिन डीटीएच में रिलायंस ग्रुप की मौजूदगी नहीं है। अभी बाजार में जो हालात हैं, उसमें एमएसओ की हिस्सेदारी कम हो रही है जबकि डीटीएच की बढ़ रही है। इसलिए यह डील जियोसिनेमा के लिए अच्छी रहेगी। बिजनस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक बैंकर्स अभी टाटा प्ले में डिज्नी की हिस्सेदारी की वैल्यू का एसेसमेंट कर रहे हैं। टाटा प्ले की मार्केट में अच्छी पकड़ है लेकिन उसे नेटफ्लिक्स, हॉटस्टार, जियोसिनेमा और ऐमजॉन प्राइम से कड़ी प्रतिस्पर्द्धा का सामना करना पड़ रहा है। पिछले फाइनेंशियल ईयर में कंपनी को टाटा प्ले को 105 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। फाइनेंशियल ईयर 2022 में कंपनी को 68.60 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था।

## भारत के स्किल इंडिया डिजिटल के सफल कार्यान्वयन से प्रेरणा लेने के लिए 20 देश एक साथ आए

### उत्साहपूर्ण चर्चाओं के बीच, भाग लेने वाले राष्ट्रों ने भारत के अभूतपूर्व डीपीआई से इनसाइट्स एकत्र कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व बैंक द्वारा आयोजित इंडिया समिट ऑन एजुकेशन नॉलेज के लिए बीस देशों के प्रतिनिधि आज राजधानी नईदिल्ली में एकत्र हुए। यह समिट वैश्विक सहयोग का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन है। प्रतिनिधि स्किल इंडिया डिजिटल की सफलता की कहानी - इसकी शुरुआत, संचालन और एप्लिकेशन के कामकाज मिलने वाली सीख को जानने के लिए उत्सुक थे। स्किल इंडिया डिजिटल पर चर्चा से प्रेरित होने के बाद, चुनिंदा मंत्रियों ने टेक्नोलॉजी के उपयोग के साथ शैक्षिक और कौशल विकास पहल को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक मीटिंग, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के परिसर में बुलाई। इसमें शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और तेजी से विकसित हो रहे ग्लोबल लैंडस्केप में आगे बढ़ने के लिए व्यक्तियों को आवश्यक कौशल से लैस करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।




कार्यक्रम के दौरान, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी और एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने भारत के सफल स्किल ईकोसिस्टम और इसे सशक्त बनाने पर इसके फोकस के बारे में प्रतिनिधियों से बात की। युवा। भाग लेने वाले देशों ने भारत के स्किल डेवलपमेन्ट सिस्टम के सफल कार्यान्वयन से प्रेरणा ली और अपनी-अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ाने के लिए इन बेस्ट प्रैक्टिस को अपनाने की तैयारी की। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के सचिव, श्री अतुल कुमार तिवारी ने कहा, स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) को एमएसडीई द्वारा 13 सितंबर 2023 को एक यूनीपाइड डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में लॉन्च किया गया है, जिसे भारत के कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार, और उद्यमिता परिदृश्य के समन्वय के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह प्लेटफार्म केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शामिल करके कन्वर्जेन्स को सुनिश्चित करता है।

## बीएमडब्लयू ने मुंबई में पेश किया जायटाउन का दूसरा संस्करण




**मुंबई।** बीएमडब्लयू ग्रुप इंडिया अपने म्यूजिक एंड ड्राइविंग फेस्टिवल, जायटाउन का दूसरा संस्करण लेकर आया है। 12.13 अप्रैल 2024 को महालक्ष्मी रेसकोर्स, मुंबई में दो दिनों तक चलने वाला यह शानदार ब्रांड अनुभव फेस्टिवल मुंबई में ब्रांड के प्रशंसकों और उत्साही लोगों को मंत्रमुग्ध करेगा।

एक साथ बीएमडब्लयू डप्छ्प् और बीएमडब्लयू मोटोराड अपनी तरह का खास अनुभव प्रदान करेंगी जिसमें कारों, बाइक्स, संगीत, मनोरंजन का असली मिश्रण होगा। इस आयोजन में आगंतुकों को एक्सपर्ट सुपरविजन में विशेष रूप से डिजाइन किए गए ट्रैक पर विशेषज्ञों द्वारा बीएमडब्लयू गड्राइव की शक्ति, फुर्ती और कौशल का प्रदर्शन देखने का मौका मिलेगा।

श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्लयू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, मुंबई में जायटाउन का दूसरा संस्करण लाकर हम बेहद रोमांचित हैं। यह नवीनताओं से भरा एक फेस्टिवल है जहाँ ड्राइविंग के रोमांच और संगीत की चकाचौंध-भरी दुनिया का संगम होता है। जायटाउन एक समारोह है जिससे बीएमडब्लयू डप्छ्प् और बीएमडब्लयू मोटोराड होने के साथ-साथ प्रतिष्ठित संगीतकारों की जोश से भरपूर धुनों के साथ हमारी अग्रणी ऑटोमोटिव प्रगतियों का मिश्रण दिखाई देता है।

## आर्टिफिशियल फ्लावर्स, प्लांट्स और डेकोरेटिव उत्पाद बनाने वाली कंपनी इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा 15 फरवरी 2024 को

**मुंबई,** घरों, कारोबारी स्थानों व कार्यक्रमों को सजाने के लिए आर्टिफिशियल फ्लावर्स, प्लांट्स और डेकोरेटिव उत्पाद बनाने वाली कंपनी इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड (पूर्व नाम इंटीरियर्स एंड मोर प्राइवेट लिमिटेड) का आईपीओ 42 करोड़ रुपए जुटाने हेतु 15 फरवरी, 2024 से खुल रहा है। आईपीओ से जुटाई गई राशि का उपयोग कुछ ऋणों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जाएगा। आईपीओ के बाद, कंपनी के शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के एसएमई प्लेटफॉर्म एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध किया जाएगा। ग्रेटेक्स कॉरपोरेट सर्विसेज इस इश्यू की लीड मैनेजर हैं। आईपीओ 20 फरवरी, 2024 को बंद हो जाएगा।

आईपीओ में 10 रुपये फेसवैल्यू के 18,50,400 फ्रेश इक्विटी शेयर बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 216 रुपए से 227 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 42.00 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 600 शेयर है जो आईपीओ की ऊपरी मूल्य सीमा 227 रुपए प्रति शेयर के आधार पर 1,36,200 रुपये के बराबर है। आईपीओ 35 प्रतिशत शेयर रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। मार्केट मेकर के लिए 5 प्रतिशत शेयर आरक्षित किए गए हैं। 2012 में निगमित, इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड की स्थापना श्री मनीष टिबरेवाल और श्री राहुल झुनझुनवाला ने की थी। कंपनी के पास आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स, गिफ्ट आइटम्स, घर, कार्यालयों और मॉल, बैंक्वेट हॉल आदि जैसे अन्य प्रतिष्ठानों के लिए सजावट कार्य करने के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव है।




पिछले 12 वर्षों की अवधि में, कंपनी ने न सिर्फ घरेलू बाजार में आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स और उनके द्वारा निर्मित अन्य सजावटी वस्तुओं की बिक्री में वृद्धि की है, बल्कि चीन, वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस और इंडोनेशिया से। अन्य घरेलू और शादी की सजावट के उत्पादों के आयात को शामिल करके अपने पोर्टफोलियो का विस्तार भी किया है। इन वर्षों में कंपनी कॉर्पोरेट, बीटूबी और बीटूसी सेगमेंट में एक मजबूत ग्राहक बनाने में सक्षम रही है। कंपनी ने वित्तीय स्तर पर विकास और स्थिरता को प्रदर्शित करते हुए उल्लेखनीय प्रगति प्रदर्शित की है। वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए कंपनी ने 25.27 करोड़ रुपये का राजस्व और 5.92 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ जबकि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी ने 9.98 करोड़ रुपये का कुल राजस्व एवं 1.04 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। 31 मार्च 2023 तक कंपनी की कुल असेट 9.95 करोड़ रुपए और कुल असेट्स 30.94 करोड़ रुपए दर्ज की गई थी। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी ने क्रमशः 18.53 करोड़ रुपए का राजस्व और 3.54 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

## असित सी मेहता ने कैप्टन पाइप्स लिमिटेड के लिए दिया बाय कॉल

**राजकोट, एजेंसी।** कैप्टन पाइप्स लिमिटेड (बीएसई-538817), पीवीसी पाइप्स उद्योग की लीडिंग कंपनियों में से एक है। इंवेस्टमेंट्ज़ फर्म(असित सी मेहता द्वारा एवम मनी कंट्रोल की रिपोर्ट में भी) ने कैप्टन पाइप्स लिमिटेड को 25 रुपये के टार्गेट प्राइज़ के साथ खरीदने का सुझाव दिया है।

इससे पहले, बोर्ड ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए कंपनी के अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी थी। इसके अलावा बोर्ड ने स्टेट्यूटरी अप्रूवल के अधीन, इक्विटी शेयर्स के राइट्स इश्यू के द्वारा 50 करोड़ रुपये तक की बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी। इस राइट्स इश्यू की आय का उपयोग कंपनी द्वारा फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में घोषित विस्तार के लिए किया जाएगा। फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह के प्रदर्शन पर कमेंट करते हुए, मैनेजमेंट ने कहा कि, हमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समाप्त हुई तीसरी तिमाही और नौ महीनों के लिए वित्तीय हाइलाइट्स पेश करते हुए खुशी हो रही है। ऑपरेशनल रेवेन्यू परिचालन 12.8 प्रतिशत कम हो गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 6427.73 लाख रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 5608.64 लाख रुपये पहुंचा, पीवीसी रेजिन की कीमतों में कमी के कारण सभी प्राप्तियां प्रभावित हुईं। कंपनी का एबिटा 150 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 224.55 लाख रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 562.11 लाख रुपये पहुंचा। एबिटा मार्जिन में भी 653 बेसिस पॉइंट्स का पर्याप्त सुधार देखा जा सकता है, जो फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 3.49 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 10.02 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) में 262 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 84.98 लाख रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 307.70 लाख रुपये हुई।

# रोहित ने लगाया करियर का 11वां शतक

## जडेजा ने 13 पारियों बाद सेंचुरी लगाई

**भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का तीसरा मैच राजकोट में खेला जा रहा है। निरंजन शाह स्टेडियम में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने डेब्यू किया। भारत ने पहले दिन स्टंप्स तक पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 326 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा 110 और कुलदीप यादव 1 रन पर नाबाद हैं।**

रोहित शर्मा का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 47वां शतक है और वह सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। सबसे अधिक 80 शतक विराट कोहली शीर्ष पर और डेविड वॉर्नर के नाम 49 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बतौर ओपनर भी रोहित के नाम 42 शतक हो गए हैं। इस सूची में डेविड वॉर्नर 49 शतकों के साथ नंबर वन तो सचिन तेंदुलकर 45 शतकों के साथ दूसरे नंबर पर बने हुए हैं।

**30 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा शतक**

43 - कुमार संगकारा, श्रीलंका
36 - मैथ्यू हेडन, ऑस्ट्रेलिया
36 - रिकी पोंटिंग, ऑस्ट्रेलिया
35 - सचिन तेंदुलकर, भारत
34 - रोहित शर्मा, भारत
34 - तिलकरत्ने दिलशान, श्रीलंका
30 - सनथ जयसूर्या, श्रीलंका

रोहित बतौर कप्तान टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल में शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

### टेस्ट में शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय कप्तान

36 साल, 291 दिन - रोहित शर्मा बनाम इंगलैंड
36 साल, 278 दिन - विजय हजारे बनाम इंगलैंड
36 साल, 236 दिन - विजय हजारे बनाम इंगलैंड
36 साल, 73 दिन - रोहित शर्मा बनाम विंडीज
35 साल, 321 दिन - मोहम्मद अजहरुद्दीन बनाम न्यूजीलैंड
35 साल, 285 दिन - रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया
35 वर्ष 38 दिन - मोहम्मद अजहरुद्दीन बनाम ऑस्ट्रेलिया





### सरफराज खान के इंटरनेशनल करियर की पहली फिफ्टी

टीम इंडिया के लिए अपना डेब्यू टेस्ट खेल रहे सरफराज खान ने 48 बॉल अर्धशतक लगाया। उन्होंने टॉम हार्टले के खिलाफ 1 रन लेकर अपनी फिफ्टी पूरी की। यह उनके इंटरनेशनल करियर की पहली फिफ्टी रही।

### जडेजा-सरफराज ने की फिफ्टी पार्टनरशिप

रोहित शर्मा के आउट होने के बाद डेब्यू टेस्ट खेल रहे सरफराज खान ने जडेजा के साथ मिलकर भारत की पारी संभाली। दोनों के बीच 50 रन की साझेदारी हो गई है।

## सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को मिली भारतीय टेस्ट कैप, हुए भावुक

**राजकोट।** इंगलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम की ओर से सरफराज खान और ध्रुव जुरेल डैब्यू करने में कामयाब रहे। मुंबई की तरफ से घरेलू स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज पिछले लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।

दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। इस अवसर पर कुंबले ने कहा कि सरफराज आप जिस तरह से आगे बढ़े उस पर वास्तव में हमें गर्व है। आपने जो कुछ हासिल किया मुझे विश्वास है कि उस पर आपके पिता और परिवार को बहुत गर्व होगा। मुझे पता है कि आपने कड़ी मेहनत की है। यह आपके लंबे करियर की शुरुआत है। आपसे पहले केवल 310 लोग खेले हैं।



आपको ढेर सारी शुभकामनाएं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। पिता नौशाद भी भावुक दिखे।

## चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू: जहीर खान



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर 5 टेस्ट की श्रृंखला 1-1 से बराबरी की।

जहीर ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी। इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी। और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों



का दबदबा होगा।

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। उन्होंने कहा कि मुख्य मुकाबला जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा। शाह ने कहा कि जब वह पुरानी गेंद से गेंदबाजी करता है तो इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है। क्योंकि वह विकेट लेता है और रन नहीं देता।

इसी को देखते हुए इंग्लैंड ने अनुभवी जेम्स एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड को भी टीम में जगह दी है। भारत अपनी टीम की घोषणा गुरुवार को टॉस के दौरान करेगा। जहीर का मानना है कि स्पिनर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की घरेलू मैदान पर अंतिम एकादश में वापसी को देखते हुए भारत को कुछ 'जटिल फैसले करने की जरूरत है।

## भारत ने शतरंज ओलंपियाड की मशाल हंगरी को सौंपी

### खेल मंत्री अनुराग और आनंद का दिलचस्प अंदाज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में शतंरज ओलंपियाड की मशाल इसके 45वें संस्करण के आधिकारिक मेजबान हंगरी को सौंपी। भारत ने चेन्नई में 2022 में चेस ओलंपियाड की मेजबानी की थी और पहली बार इसकी मशाल देश के 75




शहरों में निकाली थी। इसी मशाल को खेल मंत्री ने शतरंज की शीर्ष वैश्विक संस्था फिडे के अध्यक्ष आर्केडी ड्वारकोविच और दुनिया की शीर्ष महिला ग्रैंड मास्टर रहीं जूडिथ पोल्गर को सौंपी। इस मौके पर पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और भारतीय शतंरज महासंघ के अध्यक्ष संजय कपूर भी मौजूद रहे।

### शतरंज खेल नहीं एक बौद्धिक विरासत

खेल मंत्री ने इस मौके पर विश्वनाथन आनंद के साथ मिलकर ड्वारकोविच और जूडिथ पोल्गर के खिलाफ दोस्ताना शतरंज की बाजी भी खेली। खेल मंत्री ने इस मौके पर कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने शतंरज ओलंपियाड की मशाल निकालने का जो फैसला लिया था, वह वास्तव में मशाल हैंडऑफ समारोह के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि शतरंज एक बौद्धिक विरासत है, जो संभवत~भारत ने दुनिया को प्रदान की है। यह खेल मात्र नहीं बल्कि रणनीतिक गहराई और दार्शनिक ज्ञान का प्रतिड्क्षबब है।

### बुडापेस्ट में होना शतरंज ओलंपियाड

चेन्नई में हुए 44वें शतरंज ओलंपियाड में ढाई हजार से अधिक खिलाडियों ने शिरकत की। अगला चेस ओलंपियाड फिडे की ओर से बुडापेस्ट (हंगरी) में कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून, 2022 को प्रथम शतरंज ओलंपियाड मशाल की शुरुआत की थी।

## पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण नडाल ने कतर ओपन से नाम लिया वापस

**दोहा।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अगले सप्ताह से शुरू होने वाले कतर ओपन से हट गए हैं, क्योंकि उनका मानना है कि कोर्ट पर वापसी के लिए अभी वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। नडाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मैं दोहा में खेलना पसंद करता जहां आयोजकों के साथ दर्शकों ने भी मेरा भरपूर समर्थन किया। दुर्भाग्य से मैं अभी प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हूं और इस कारण दोहा नहीं आ पाऊंगा।



मैं वास्तव में 2014 की अविस्मरणीय जीत के बाद दोहा में खेलना चाहता था।'' उन्होंने कहा, ''मैं लास वेगास में होने वाले प्रदर्शनी मैच और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट मेंखेलने के लिए खुद को तैयार करने पर ध्यान दूंगा।''

स्पेन के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी को 3 मार्च को कार्लोस अल्कराज़ के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलना है और इसके बाद वह कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। नडाल ने जनवरी में एक साल बाद प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की थी। उन्होंने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन मैच खेले थे लेकिन इसके बाद वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गए थे। इसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।



## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इस साल का पहला गोल दागा, अल फाहया पर 1-0 से जीत

स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 2024 के पहले गोल की बदौलत अल नासर ने एशियाई चैम्पियंस लीग के राउंड 16 के पहले चरण के मैच में अल फाहया पर 1-0 से जीत हासिल की। रोनाल्डो ने 81वें मिनट में इंटर मिलान के पूर्व मिडफील्डर मार्सेलो ब्रोजोविच की मदद से यह गोल दागा। अल नासर फुटबॉल क्लब अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीतने की कोशिश में जुटा है। राउंड 16 के दूसरे चरण का मैच अगले बुधवार को खेला जायेगा। सऊदी अरब की चार टीम नॉकआउट दौर में पहुंची हैं जिसमें अल नासर और अल फाहया के अलावा अल हिलाल और अल इतिहाद शामिल हैं।

## जय शाह की खिलाड़ियों को दो टूक, कहा- | रणजी ट्रॉफी खेलना अनिवार्य, बीसीसीआई नहीं सहेंगे किसी के नखरे

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ कर दिया है कि सभी केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा है कि आगे से घरेलू रेड बॉल क्रिकेट में भाग लेना इन खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट से पहले राजकोट में एक कार्यक्रम में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के घरेलू मैचों में भाग ना लेने के मुद्दे पर बात की और कहा कि बोर्ड किसी के नखरे नहीं सहने वाली है।

जय शाह ने राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम का नाम निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम रखे जाने के बाद कहा कि उन्हें फोन पर पहले ही सूचित कर दिया गया है। और मैं पत्र भी लिखने जा रहा हूं कि अगर आपको मुख्य चयनकर्ता आपके कोच और आपके कप्तान इसके लिए कह रहे हैं तो आपक रेड बॉल क्रिकेट खेलना होगा। भारत इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के दौरान कई खिलाड़ियों की चोटों और कुछ के उपलब्ध नहीं होने की वजह से प्रभावित हुआ है।

साथ ही कुछ खबरों में कहा गया कि रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलना चाहते हैं और वे आईपीएल की तैयारियों में जुटे हैं। यहां तक कि उनके पास अन्य कोई कमिटमेंट नहीं है। जय शाह ने उल्लेख किया कि बीसीसीआई सभी केंद्रीय अनुबंधित



खिलाड़ियों, विशेषकर युवाओं से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के दिशानिर्देशों के अनुसार घरेलू क्रिकेट खेलने की उम्मीद करेगा। उन्होंने कहा कि हमें एनसीए से जो भी सलाह मिलती है, मान लीजिए कि किसी का शरीर सफेद गेंद और लाल गेंद दोनों क्रिकेट को संभालने में सक्षम नहीं हैं, तो हम उस संबंध में कुछ भी थोपना नहीं चाहते।

जय शाह ने आगे बाताया जो भी फिट और यंग है, उसके दूसरे नखरे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये संदेश सभी केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए है। हर किसी को खेलना होगा, अन्यथा चयन समिति के अध्यक्ष ने मुझे अपने सुझाव दिए हैं और मैं उन्हें खुली छूट देने जा रहा हूं कि वे अपने फैसले स्वतंत्र रूप से ले सकें। गौरतलब है कि ईशान किशन ने पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले मानसिक थकान का हवाला देते हुए ब्रेक मांगा था और अभी तक खुद को चयन के लिए उपलब्ध नहीं कराया है।

वहीं जय शाह ने उनका नाम लिए बगैर कहा कि वह एक युवा खिलाड़ी हैं। उनके नाम का उल्लेख करने की कोई आवश्यकता नहीं है। ये निर्देश अनुबंधित खिलाड़ियों सहित सभी घरेलू खिलाड़ियों पर लागू होता है। आगे चलकर सभी खिलाड़ियों के पास घरेलू क्रिकेट में भाग लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल मिलने के बाद पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की यह धमकी एक ईमेल के जरिए दी गई है। इस ईमेल के मिलने के बाद से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली हाई कोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अदालत को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल अथॉरिटी को मिला जिसके बाद यहां सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। हालांकि, धमकी भरा यह ईमेल किसने भेजा है अभी इसे लेकर संशय बना हुआ है। फिलहाल एहतियात के तौर पर दिल्ली हाई कोर्ट की सुरक्षा में इजाफा कर दिया गया है। धमकी भरे इस ईमेल की भी गहन छानबीन की जा रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि बुधवार को हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को धमकी भरा यह ईमेल मिला था। यह ईमेल बलवंत देसाई के नाम से लिखा गया था। इस ईमेल में कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट में धमाका गुरुवार को होगा। इस ईमेल में लिखा गया है, 15/02/2024 को बम से उड़ाऊंगा। देख लेना यह धमाका दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। जितनी हो सके उतनी सुरक्षा लगा लो, सभी मंत्रियों को भी बुलाओ, एक साथ उड़ेंगे। इस ईमले के बाद पुलिस-प्रशासन ने इसपर कार्रवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल की जांच की जा रही है। दिल्ली हाई कोर्ट में सुरक्षा ड्रिल भी की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस नजर रख रही है। दिल्ली हाई कोर्ट के साथ-साथ जिला अदालतों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### इंडिया गठबंधन जल्द ही खत्म हो जाएगा, इसके नेता अकेले चलेंगे: गोवा के मंत्री

**पणजी, एजेंसी।** भाजपा नेता और गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने बुधवार को कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडिया गठंधन जल्द ही खत्म हो जाएगा और इसके नेता को अकेले चलना होगा। उत्तरी गोवा में पार्टी बैठक में खौंटे ने भरोसा जताया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा, मैंने चार महीने पहले कहा था कि भारत जल्द ही खत्म हो जाएगा। वैसा ही हुआ है। एक-एक कर गठबंधन के साथी गठबंधन से बाहर होते जा रहे हैं। यह फरवरी है, और मार्च तक उन्हें (राहुल गांधी को) अकेले चलना पड़ सकता है। गोवा के इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के बारे में खौंटे ने कहा कि वे सभी सीटें साझा करने के बारे में अपने-अपने फैसले ले रहे हैं।

### बिना साड़ी वाली देवी सरस्वती की मूर्ति पर बवाल, त्रिपुरा में खूब हंगामा

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के एक सरकारी कॉलेज में बसंत पंचमी का उत्सव हंगामे और उपद्रव में तब्दील हो गया। यहां कार्यक्रम में देवी सरस्वती की जो मूर्ति लगाई गई थी, उसे साड़ी नहीं पहनाई गई थी। इसे भद्दा और आपत्तिजनक बताते हुए छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इस पूरे विवाद ने तब जोर पकड़ा, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें देवी सरस्वती को बिना परंपरागत साड़ी के दिखाया गया था। इससे छात्र संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। उनके साथ ही बजरंग दल के कार्यकर्ता भी उतर आए और आयोजकों के खिलाफ आंदोलन करने लगे। इस विरोध की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने यह कहते हुए की थी कि मूर्ति को भारतीय परंपरा वाली साड़ी न पहनाना बेहूदगी है। त्रिपुरा में एबीवीपी के महासचिव दिबाकर आचार्जी ने कहा कि इस रूप में देवी सरस्वती को प्रस्तुत करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पता है कि पूरे देश में देवी सरस्वती की मान्यता है।

# दिल्ली के छह बड़े अस्पतालों में सेहत से खिलवाड़, एसीबी का एक्शन; घटिया दवा सप्लाई करने वाले 10 गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने राजधानी के छह बड़े अस्पतालों को कथित तौर पर निम्न गुणवत्ता की दवा और सामान आपूर्ति करने वाले दस लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सात आपूर्तिकर्ता, तीन लैब और फार्मा कंपनियों के मालिक शामिल हैं। विजिलेंस विभाग की जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया। जांच में कुछ डॉक्टरों, अफसरों और स्टोरकीपर की भूमिका भी सामने आई है। जांच के बाद रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी लैब रिपोर्ट भी बनाई गई थी। छह अस्पतालों में एलबीएस, एलएनजेपी, डीडीयू, एसजीएम, जेएसएसएच और जीटीबी अस्पताल शामिल हैं। दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दिल्ली के छह बड़े अस्पतालों को घटिया दवा और सामान सप्लाई करने वाले दस आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया। एसीबी के ज्वाइंट कमिश्नर मधुर



वर्मा ने बताया कि पिछले साल गत 18 अगस्त को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सतर्कता शाखा ने दिल्ली सरकार के इन छह अस्पतालों का दौरा किया था। इस दौरान रोल्ड बैंडेज, आईवी सेट आदि के नमूने एकत्र किए थे। फिर इन नमूनों को विभिन्न जीएनसीटी-अनुमोदित प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजा था। इनमें से अधिकांश नमूने परीक्षण के दौरान या तो घटिया पाए गए या फेल हो गए थे। एसीबी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में हेमंत जोशी, राहुल चौरसिया, कपिल मखीजा, कमलदीप सिंह, अरजिंदर पाल सिंह, राजेश मल्होत्रा, हरनीत सिंह बिंद्रा, शेखर, शाहिद चौधरी और बिपिन कुमार पाठक शामिल है। टीम ने 14 फर्मों का दौरा और निरीक्षण किया है। आपूर्ति विवरण वाले लैपटॉप, सीपीयू, मोबाइल फोन के साथ प्रासंगिक दस्तावेज जब्त किए हैं। साथ ही आपूर्तिकर्ताओं से इस सामान की आपूर्ति को लेकर पूछताछ की गई है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि कुछ मामलों में आपूर्तिकर्ता की ओर से दिया गया लाइसेंस नंबर उनका नहीं है और न निर्माता का है। अधिकांश मामलों में वितरित वस्तुओं की बैच संख्या में भी गड़बड़ी मिली है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों की ओर से वस्तुओं की रिसीविंग शून्य डिलिवरी या कम डिलिवरी पर भी दी गई थी। इस जालसाजी का खुलासा होने के बाद विजिलेंस ने अस्पतालों के अधिकारियों और आपूर्तिकर्ता ने पिछली तारीखों के साथ लैब रिपोर्ट की जांच की तो कई गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कॉटन बैंडेज, डीलक्स इन्फ्यूजन सेट, रोल्ड बैंडेज, एब्जॉर्बेंट कॉटन आईपी, लेटेक्स एग्जामिनेशन ग्लव्स (सेनोमिक), इन्फ्यूजन सेट (ट्राई फ्लेक्स), रोल्ड बैंडेज, नॉन स्टरलाइज्ड, वेल्प्रो डिस्पोजल सर्जिकल रबर ग्लव्स, सेफाइजर हैंड सैनिटाइजर, इन्फ्यूजन सेट से संबंधित हैं। विजिलेंस के उप सचिव राज कुमार ने संबंधित फर्म, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एसीबी में छह शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिसके आधार पर इस साल एक जनवरी को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## आगरा से रुपये भरा एटीएम उखाड़ ले गया राजस्थान का गैंग, चलती गाड़ी में निकाला था कैश बॉक्स

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के कागारौल क्षेत्र से 30 लाख रुपये से भरा स्टेट बैंक का एटीएम राजस्थान का गैंग उखाड़कर ले गया था। पुलिस और एसओजी ने वारदात का खुलासा किया है। तीन बदमाश पकड़े गए हैं। चार फरार हैं। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक कार और 3.67 लाख रुपये बरामद हुए हैं। बदमाश वारदात के लिए गूगल मैप से एटीएम चिह्नित करते थे। ऐसे एटीएम को चिह्नित करते थे जहां आने-जाने वाले रास्ते में कोई टोल नहीं पड़े।



सात जनवरी की रात कागारौल थाने से महज 800 मीटर दूर वारदात हुई थी। बदमाश एटीएम उखाड़कर ले गए थे। खाली एटीएम फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में सिकरौदा नहर में मिला था। उसमें भरा कैश बदमाश निकाल ले गए थे। डीसीपी पश्चिम सोनम कुमार ने बताया कि बदमाशों को पहले ही चिह्नित कर लिया गया था। उन्हें पकड़ने में इतना समय लग गया। गैंग ने आगरा से पहले चुरू और नागौर में इसी अंदाज में वारदात को अंजाम दिया था। एसीपी पश्चिम सोनम कुमार ने बताया कि बदमाशों ने चलती गाड़ी में एटीएम से कैश बॉक्स निकाल लिया था। शेष एटीएम सिकरौदा नहर में फेंक गए थे।

## प्रकृति से सामंजस्य रख प्रसन्नतापूर्वक जीना आदिवासी समाज से सीखें: मुर्मु

### बेणेश्वर धाम में राष्ट्रपति ने लखपति दीदी सम्मेलन में संबोधित किया

**जयपुर, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समाज के अन्य वर्गों के लोग आदिवासी समाज से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जनजातीय समुदायों ने स्वशासन के अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर प्रसन्नतापूर्वक कैसे जीवन जिया जाता है यह आदिवासी समाज से सीखा जा सकता है। आदिवासी समाज से हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना न्यूनतम संसाधनों में बेहतर जीवन जीना भी सीख सकते हैं। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी आदिवासी समाज ने देश को दिशा दिखाई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित कर रही थी। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व प्रदान करते हुए विकास की अवधारणा को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए पूरे समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने महिलाओं में शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया जिससे महिलाएं देश और दुनिया की प्रगति में बराबर की भागीदार बन सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

## किसानों को 3100 दे सकते हैं तो देश के किसानों को क्यों नहीं

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसान आंदोलन को लेकर दिल्ली की केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। भूपेश बघेल ने पूरे देश में किसानों के लिए एमएसपी लागू करने की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 3100 रुपए किसानों को दिया जा रहा है तो फिर देश में किसानों को एसपी क्यों नहीं मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली के लिए रवाना हुए। राजधानी रायपुर के एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि एमएसपी की मांग को लेकर दिल्ली में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब हमारी सरकार थी तो हमने 2500 रुपए समर्थन मूल्य में धान खरीदी की बात की थी, जो वादा हमने किसानों से किया था वह वादा हमने पूरा करके दिखाया है। हमने 2500 के बजाय उसे 2600 रुपए करते हुए प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की है।

# दिल्ली में ठंड के तेवर हुए कम, खिली धूप से वसंत का आनंद ले रहे लोग

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी में वसंत पंचमी के दिन यानी बुधवार को दिनभर खिली हुई धूप निकलने के कारण अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, अभी इसमें और बढ़ोतरी की संभावना है। गुरुवार को दिन में आसमान साफ रह सकता है। वायुमंडल की निचली सतह पर मौजूद हल्के बादलों और लगातार चलने वाले कोहरे के चलते लोगों को इस बार कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ा। लेकिन, अब दिनभर खिली हुई धूप निकल रही है और लोग वसंत के मौसम का आनंद लेने लगे हैं।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में बुधवार सुबह हल्का कोहरा देखने को मिला, जोकि दिन चढ़ने के साथ ही साफ हो गया। सुबह करीब आठ बजे तक ज्यादातर जगहों पर धूप निकल आई। दिनभर तेज धूप निकली रहने से अधिकतम तापमान में इजाफा



हुआ। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जोकि सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य एक डिग्री कम था। यहां पर आर्द्रता का स्तर 97 से 45 फीसदी तक रहा।

इस सीजन में बुधवार को पहली बार अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पहुंचा है। इससे पहले 12 फरवरी को अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रहेगा। सुबह हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा देखने को मिल सकता है। गुरुवार को दिन में आसमान साफ रहेगा।

राजधानी के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। बुधवार को दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषक कणों का औसत स्तर मानकों से तीन गुना ज्यादा रहा। हवा की रफ्तार कम होने के चलते अगले दो दिन के दौरान हवा की गुणवत्ता खराब रहने के आसार हैं। मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से सर्दी के इस सीजन में दिल्ली के लोगों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। लगातार चौथे दिन दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा। सीपीसीबी के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली का सूचकांक 341 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। मंगलवार को यह सूचकांक 342 के अंक पर रहा था। वहीं, मानकों के मुताबिक, हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से कम और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है।

## भारतीय सशस्त्र बल की टीम ने ब्रिटिश रक्षा अकादमी का किया दौरा




**लंदन, एजेंसी।** भारत के उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम सशस्त्र बलों के प्रतिभागियों ने इस सप्ताह ब्रिटेन के अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक प्रबंधन दौरे के तहत ब्रिटेन के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों से मुलाकात की। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने कहा कि यह यात्रा भारत में अपने समकक्षों के साथ मजबूत संबंधों को दर्शाती है और इस तरह की शैक्षिक यात्राओं तथा संयुक्त वार्ता के माध्यम से ब्रिटेन-भारत रक्षा साझेदारी को बढ़ावा मिल रहा है। पिछले महीने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यात्रा के दौरान ब्रिटेन ने 2025 में हिंद महासागर क्षेत्र में अपना 'कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) तैनात करने की योजना का ऐलान किया था जिसके बाद भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा हो रही है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रणनीतिक कमान में रणनीतिक मामलों के निदेशक मेजर जनरल जेम्स रोडिस ने भारत के उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों से मुलाकात की। बयान के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक प्रबंधन दौरे के तहत प्रतिभागियों को रणनीतिक कमान की भूमिका और सहायक अभियानों में स्थायी संयुक्त मुख्यालय (पीजेएचक्यू) की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। भारत के एचडीएमसी के सदस्यों ने रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नेवी और विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालयके प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

## कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब पहुंचा रूस, राष्ट्रपति पुतिन ने किया बड़ा दावा

**मास्को, एजेंसी।** रूस कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी के लिए वैक्सीन बनाने पर काम कर रहा है, और इसे बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। ये दावा रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने किया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूसी वैज्ञानिक इसपर काम कर रहे हैं और वे अंतिम चरण में हैं।



मॉस्को फोरम में अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, हम तथाकथित कैंसर के वैक्सीन और नई पीढ़ी की इम्यूनोमॉड्यूलेटरी दवाओं के निर्माण के बहुत करीब हैं। पुतिन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि जल्द ही वैक्सीन लोगों के इलाज के लिए प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जा सकेगा।

हालांकि पुतिन ने यह नहीं बताया कि ये कैंसर की वैक्सीन किस तरह के कैंसर के इलाज में इस्तेमाल की जाएगी। ये कब तक मरीजों के लिए उपलब्ध होगा ये भी जानकारी पुतिन ने नहीं दी है।

**बाकी देशों में भी चल रहा काम:** कई देश और कंपनियां कैंसर के टीके पर काम कर रही हैं। पिछले साल यूके सरकार ने 2030 तक 10,000 रोगियों तक पहुंचने के लिए कैंसर उपचार के लिए नैदानिक परीक्षण करने के लिए जर्मनी स्थित बायोएनटेक के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। फार्मास्युटिकल कंपनियां मॉडर्ना और मर्क एंड कंपनी एक प्रायोगिक कैंसर वैक्सीन बना रही हैं, जिसमें एक अध्ययन से पता चला है कि तीन साल के उपचार के बाद त्वचा कैंसर मेलेनोमा की पुनरावृत्ति या मृत्यु की संभावना आधी हो जाएगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्तमान में ह्यूमन पैपिलोमावायरस के खिलाफ छह लाइसेंस प्राप्त टीके हैं, जो सर्विकल कैंसर सहित कई कैंसर का कारण बनते हैं, साथ ही हेपेटाइटिस बी के खिलाफ भी टीके हैं, जो लिवर कैंसर का कारण बन सकते हैं। कोरोना वायरस महामारी के दौरान, रूस ने कोविड-19 के खिलाफ अपना स्वयं का स्पुतनिक वी वैक्सीन विकसित किया था औ इसे कई देशों को बेचा। पुतिन ने खुद कहा था कि उन्होंने लोगों को इसकी प्रभावकारिता और सुरक्षा का आश्वासन देने के लिए स्पुतनिक लिया है। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और सबसे जानलेवा बीमारियों में से एक है। एक अनुमात के मुताबिक दुनिया भर में हर साल लगभग 1 करोड़ लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है।

# अमेरिकी सुपर बाउल परेड में सामूहिक गोलीबारी में 1 की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
कैनसस सिटी चीफ्स की सुपर बाउल जीत का जश्न मनाने के लिए बुधवार की परेड के अंत में गोलीबारी में की मौत हो गई जबकि 22 लोग घायल हो गइ जिसमें आठ बच्चे भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा, भयभीत प्रशंसक कवर के लिए भाग रहे थे और एक और यह एक हाई-प्रोफाइल सार्वजनिक कार्यक्रम था। गोलीबारी की ये घटना कैनसस सिटी में चीफ्स की सुपर बाउल जीत के बाद निकाली गई परेड के दौरान हुई।

कैनसस सिटी पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में गोलीबारी में मरने वालों की संख्या के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सुना है कि प्रशंसक किसी संदिग्ध को पकड़ने में शामिल हो सकते हैं लेकिन वह तुरंत इसकी पुष्टि नहीं कर सकीं। आज जो हुआ उससे मैं नाराज़ हूं। इस जश्न में आए लोगों को सुरक्षित




माहौल की उम्मीद करनी चाहिए. कब्र ने कहा. पुलिस ने हिरासत में लिए गए लोगों के बारे में या गोलीबारी के संभावित मकसद के बारे में तुरंत कोई विवरण जारी नहीं किया।

यह अमेरिका में नवीनतम खेल उत्सव है जो गन फायर हिंसा से प्रभावित हुआ है, पिछले साल नगेट्स के एनबीए चैंपियनशिप जीतने के बाद डेनवर शहर में हुई गोलीबारी में कई लोग घायल हो गए थे, और पिछले साल टेक्सास रेंजर्स वर्ल्ड सीरीज़ के पास एक पार्किंग स्थल पर गोलीबारी हुई थी।

सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने पुलिस के चौंकाने वाले वीडियो पोस्ट किए, जिसमें वे भीड़भाड़ वाले स्थान से गुजर रहे थे और वहां मौजूद लोग छिपने के लिए जल्दबाजी कर रहे थे और भाग रहे थे। एक वीडियो में किसी को स्पष्ट रूप से गोलीबारी के शिकार व्यक्ति की छाती दबाते हुए दिखाया गया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति, दर्द से कराहता हुआ, पास में जमीन पर पड़ा हुआ है।

## जरदारी दूसरी बार बन सकते हैं पाकिस्तान के राष्ट्रपति, शहबाज शरीफ संभालेंगे प्रधानमंत्री की कुर्सी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के अगले राष्ट्रपति बन सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएल-एन और पीपीपी में गठबंधन के बाद अगर स्थिति में बदलाव नहीं होता है तो देश में पीएमएल-एन पार्टी का प्रधानमंत्री और पीपीपी का राष्ट्रपति देखने को मिलेगा। मंगलवार रात को सभी को चौंकाते हुए नवाज शरीफ ने अपने भाई शहबाज शरीफ को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का एलान किया। आठ फरवरी को पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में खंडित जनादेश मिला था और किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। ऐसे में पाकिस्तान में गठबंधन सरकार का बनना तय था। इमरान खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवारों की संख्या सबसे ज्यादा है, लेकिन नेशनल असेंबली की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद पीटीआई की सरकार नहीं बन पाएगी। पीपीपी अध्यक्ष जरदारी (68 वर्षीय) साल 2008 से 2013 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रह चुके हैं। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया में बीते दिनों ऐसी खबरें आ रहीं थी कि पीएमएलएन के साथ गठबंधन सरकार बनाने को लेकर पीपीपी में दो फाड़ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129